संसेक्स
76,693.36 +1,618.85
डॉलर
83.507 +0.042
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,530
01 किलो 90,050

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 08 जून 2024, वर्ष-30, अंक-230, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पीएम बोले- पहले एनडीए आज भी एनडीए और...

## मिला आमंत्रण एनडीए सहयोगियों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, पीएम का मनोनयन पत्र सौंपा



# तीसरी बार 9 जून को शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी



दही-चीनी से स्वागत...

मोदी ने शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। राष्ट्रपति ने मोदी को दही-चीनी खिला शुभकामनाएं दी।

### नरेंद्र मोदी ने ये भी कहा

**चुनाव आयोग का काम बाधित करने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे**

हर तीसरे दिन चुनाव आयोग के काम में रुकावट आए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाए गए। इस काम में एक ही टोली थी। सुप्रीम कोर्ट का उपयोग करते हुए कैसे रुकावट डाले, इसका निरंतर प्रयास करते रहे। ये टेक्नोलॉजी को महत्व नहीं देते हैं। ये सिर्फ ईवीएम में नहीं दिखाई दिया है, यूपीआई में भी दिखा। इन्होंने आधार पर भी बार-बार सुप्रीम कोर्ट जाकर परेशानी पैदा की।

**ईवीएम ने इंडी गठबंधन को चुप करा दिया**

4 जून के पहले इंडी गठबंधन ईवीएम को लगातार गाली दे रहे थे, मुझे तो लगता था कि इस बार ये लोग ईवीएम की अर्थी जुलूस निकालेंगे, लेकिन 4 जून की शाम आते-आते उनके मुंह पर ताले लग गए, ईवीएम ने उनको चुप कर दिया। ये भारत के लोकतंत्र की ताकत है। ये भारत की निष्पक्षता की ताकत है। मैं आशा करता हूं कि अगले 5 साल ईवीएम नहीं सुनाई देगा।

**खटाखट स्कीम ने देश के लोगों को किया भ्रमित**

मोदी ने कांग्रेस की 'खटाखट स्कीम' पर सवाल उठाया। कहा ये लोग कितना बड़ा झूठ बोलते रहे, चुनाव के समय देश के लोगों को गुमराह करने के लिए पर्चियां बांटी, आज कांग्रेस दफ्तरों पर लोग कतार में खड़े हैं, एक लाख रुपये कहां है, लोग पैसा मांग रहे हैं। लोग मानकर चल रहे थे कि 4 जून के बाद रुपया मिल जाएगा। वह दफ्तर के बाहर खड़े हैं, अब उन्हें धक्का देकर, डंडे मारकर भगाया जा रहा है।

**कांग्रेस कार्यालय के बाहर पैसे के लिए अड़ी जुबैदा**

लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय पहुंची जुबैदा ने कहा कि अब तो कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। अब राहुल गांधी ने हमसे जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8,500 रुपए डालेंगे। हम उनके इसी वादे को देखते हुए कार्यालय आए हैं। जुबैदा ने कहा था कि पहले तो मुझे कांग्रेस कार्यालय में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन मैं भी जिद पर अड़ गई। इसके बाद मुझे आने दिया गया।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक शुक्रवार को पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई। इसमें एनडीए के सभी प्रमुख नेता व नवनिर्वाचित सांसदों मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया और उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया गया। इसके बाद शुक्रवार की शाम एनडीए के सभी सहयोगियों के साथ नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इससे पहले, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। राष्ट्रपति ने मोदी को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने राष्ट्रपति को बताया कि शपथ ग्रहण के लिए 9 जून की शाम को उन्हें सुविधा रहेगी, तब तक वह मंत्री परिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंपेंगे जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया।

राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। मोदी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि 9 जून का दिन शपथग्रहण के लिए उचित रहेगा।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन रविवार को शपथ ग्रहण समारोह का विवरण तैयार करेगा और तब तक वह मंत्रिपरिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंप देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह देशवासियों को विश्वास दिलाते हैं कि 18वीं लोकसभा में पांच वर्ष के कार्यकाल में वे उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी शेष पृष्ठ 11 पर



# चुनाव परिणाम एनडीए की महाविजय

### एनडीए राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध संगठित गठबंधन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव परिणामों को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की महाविजय बताया। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन के इतिहास में संख्या के हिसाब से देखें तो यह सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। एनडीए सत्ता के लिए एक साथ आए दलों का समूह नहीं है, यह 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध एक संगठित गठबंधन है। नरेन्द्र मोदी पुराने संसद भवन में आयोजित बैठक में एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जीवन में विश्वास पर जोर देते हुए कहा कि आपने मुझे 2019 में अपना नेता चुना और आज, 2024 में भी, आपके चुने हुए नेता के रूप में यहां खड़े होकर मैं महसूस करता हूं कि हमारे बीच 'विश्वास का पुल' बहुत मजबूत रहा है। मोदी ने एनडीए का नेता चुने जाने पर सभी साथियों का आभार जताया। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करने के साथ ही पार्टी कार्यकताओं के परिश्रम को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए कि

**राजग महज सत्ता के लिए एक साथ आए दलों का समूह नहीं**



एनडीए को आज देश के 22 राज्यों में लोगों ने सरकार बनाकर उनको सेवा करने का मौका दिया है। हमारा ये अलायंस सच्चे अर्थ में भारत की आत्मा है। हम 'सर्व धर्म समभाव' (सभी धर्म समान हैं) के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए मोदी ने कहा कि विपक्ष ने 2024 के लोकसभा परिणामों को हमारे लिए हार के रूप में पेश करने की कोशिश की लेकिन हम न कभी हारे थे, न हारे हैं और न कभी हारेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 10 साल बाद भी 100 का आंकड़ा नहीं छू सकी। पिछले 3 लोकसभा चुनावों में उनकी कुल सीटें अकेले इस चुनाव में हमारी सीटों की संख्या से भी कम हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद हमारा आचरण दिखाता है कि हम जीत को पचाना जानते हैं। मोदी ने कहा कि पहले भी एनडीए की सरकार थी, अब भी है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले 10 वर्षों में एनडीए सरकार सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## खूंटी में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

**खूंटी।** जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के व्यवसायियों से लगातार लेवी की मांग करने वाले प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के तीन सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से पीएलएफआई के पर्चे, संगठन के विस्तार से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति, दो बाइक और पांच मोबाइल बरामद किये गये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी व्यवसायियों से लेवी वसूलने के लिए जरियागढ़ आने वाले हैं। इस पर पुलिस टीम ने कैंची मोड़ के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर संगठन के पर्चे आदि बरामद किये गये। गिरफ्तार उग्रवादियों में राहुल साहू, लुकस होरा उर्फ लुका शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड सरकार एक्टिव मोड में

## ...जुलाई में नगर निकाय चुनाव का बज सकता है बिगुल

**... आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण जुलाई में संभव**

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड सरकार पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गई है। जुलाई में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज सकता है। पिछड़ा आयोग ने ट्रिपट टेस्ट अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। सरकार का निर्देश आते ही आयोग ट्रिपल टेस्ट कराएगी। इसके बाद नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज जाएगा। इसलिए सरकार आपके द्वारा की तिथि जुलाई में नगर निकाय चुनाव या फिर नगर निकाय चुनाव के बाद तय हो सकती है।



**फिर शुरू होगा आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम :** जुलाई में ही पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू हो सकता है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मुख्य सचिव और सभी विभागीय सचिवों को निर्देश दिया है कि इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर लें। बहुत जल्द अभियान को शुरू करने की लिए अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सचिवालय में अधिकारी और कर्मी सक्रिय हो चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत 12 अक्टूबर से शुरू की थी। अब तक कुल तीन चरण का अभियान चलाया जा चुका है, जिसका काफी अच्छा रिस्पांस मिला था। इसलिए इस अभियान को सरकार ने फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। लेकिन जुलाई में शेष पृष्ठ 11 पर

## शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान के सौ गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद को बेचने पर पाबंदी लगा दी गई है। यह आदेश अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार ने दी है। उन्होंने दं.प्र.स. की धारा - 144 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए गढ़वा सदर अनुमंडल क्षेत्र के सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, कॉलेज व विवि के कैंपस के अंदर एवं कैंपस के बाहर 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी करने का आदेश दिया है। जिसमें इस बात का उल्लेख है कि कोटपा एक्ट कंडिका 6 में वर्णित है कि कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादन नहीं बेचेगा। इन क्षेत्रों में बिक्री की अनुमति नहीं देगा। एसडीओ के आदेश में यह निषेधज्ञा शुक्रवार 7 जून पूर्वाह्न छह बजे से शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

# सांसद को चार साल बाद थप्पड़ गंभीर सुरक्षा चूक और साजिश



सुनील बादल

कंगना ने मोहिंदर कौर की तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा था कि "हा हा। ये वही दादी हैं जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था.... और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं।

हिमाचल प्रदेश की मंडी की नवनिर्वाचित सांसद कंगना राणावत को बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात एक सीआईएसएफ जवान महिला ने थप्पड़ मार दिया। घटना उस समय की है जब कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। बताया जा रहा है कि किसान आंदोलन पर कंगना के दिए विवादास्पद बयान को लेकर महिला सिपाही नाराज थी। कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान कहा था कि महिलाओं को 100-100 रुपये देकर धरने पर बिठाया जा रहा है। कंगना ने मोहिंदर कौर की तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा था कि "हा हा। ये वही दादी हैं जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था.... और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं। हालांकि कंगना ने बाद में ये ट्वीट डिलीट कर दिया था। कंगना की यह टिप्पणी गलत हो सकती है और उनका एक्स एकाउंट कथित विवादों के कारण सस्पेंड भी हो चुका था पर एक वर्दीधारी महिला कॉन्स्टेबल की हरकत किसी भी तरह उचित नहीं ठहरायी जा सकती क्योंकि पुलिस,सेना या अर्द्धसैनिक बल की वर्दी जिसे दी जाती है रैंक जो भी हो एक बड़ी जिम्मेदारी अनुशासन की होती है और उस देश के नागरिक उस वर्दी पर भरोसा करते हैं । यदि विश्व के किसी भी देश में वर्दीधारी अपनी व्यक्तिगत सोच या विचारधारा के लिए किसी पर हाथ उठा दें,हथियार चला दें या सुरक्षा कर्तव्यों की अनदेखी कर दें तो कयामत आ जाएगी। यदि ऐसी विचारधारा से प्रभावित कोई और सुरक्षाकर्मी विमान में हथियार ले जाने दे तो देश का सर शर्म से झुक जाएगा। कंगना वाली इस घटना पर सोशल मीडिया पर काफी



कॉमेंट कर रहे हैं। काफी सारे लोगों ने महिला सुरक्षाकर्मी के इस करतूत को गलत कहा है। लोगों ने कंगना को खुलकर सपोर्ट किया है। कुछ लोग उसे शेरनी बता रहे हैं ।एक यूजर ने कहा है- बीजेपी एमपी कंगना को कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मारा, क्योंकि उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों को खालिस्तानी कहा था।वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों।' कई लोगों ने इस महिला कर्मी को तुरंत सस्पेंड करने और जेल में डालने की बात कही है। सीआइएसएफ का शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने फर्जी आधार कार्ड पर पार्लियामेंट में प्रवेश का प्रयास करने वाले को कल ही पकड़ा है।

पर अचानक इसे मोदी और भाजपा विरोधी अभियान चलाने वाले हवा देने लगे हैं जिससे इसे षड्यंत्र भी माना जाना चाहिए और गहन जांच होनी चाहिए। महिला जवान के समर्थन मे हरियाणा के कुछ कथित किसान भी उतर आए हैं। हरियाणा एमएसपी कानून मार्चा के संयोजक और किसान नेता जगबीर घसोला ने महिला जवान की कार्रवाई को सराहनीय बताया और कहा कि सीआईएसएफ की महिला जवान ने जो कार्रवाई की है, पूरे देश को गर्व है । साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर महिला जवान पर कोई कार्रवाई की गई तो देशभर के किसान एकजुट होकर बड़ा आंदोलन शुरू कर सकते हैं। इनका कहना है कि बयान को लेकर किसानों में खासा रोष था और किसान की बेटी ने अपना बदला लेकर किसानों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है । कंगना के विरुद्ध अपमानजनक पोस्ट और चरित्र हनन की सीमाएं चुनाव पूर्व कई नेता कर चुके हैं क्योंकि उनकी छवि एक निडर और स्पष्टवादी महिला की बनी हुई है जिन्हें घर और स्टूडियो तोड़कर भी महाराष्ट्र की विरोधी सरकार झुका नहीं पाई । कुछ लोग उन्हें स्मृति ईरानी की तरह मजबूत महिला के रूप में देखते हैं जिनकी छवि खराब करने के लिए सारा कुछ किया गया योजनाबद्ध कृत्य भी हो सकता है क्योंकि चार वर्ष पूर्व के बयान पर आज थप्पड़ कुछ संदेह भी उत्पन्न करता है वह भी पंजाब में जहां खलिस्तान समर्थक शक्तियां सक्रिय हुई हैं ।कंगना को लेकर चिराग पासवान ने तारीफ करते हुए उन्हें मजबूत महिला बताया है। चिराग पासवान ने मीडिया से कहा , 'मैं उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं, हमने एक फिल्म में काम किया है, 'मिले न मिले हम', ज्यादा दर्शक उस फिल्म को नहीं मिले, लेकिन इस बार हम संसद में मिलने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि वह एक मजबूत महिला हैं; वह अपनी बात बहुत ही स्पष्टता से कहती हैं और मैं संसद में उन्हें सुनने के लिए उत्सुक हूं।'कांग्रेस नेता और कंगना के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने वाले विक्रमादित्य सिंह ने इस घटना की निंदा की है और कहा है कि एक सुरक्षाकर्मी ऐसा करे यह उचित नहीं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अगर सुरक्षाबल में लगा व्यक्ति ऐसा करता है तो ये दुर्भाग्यपूर्ण है। किसान आंदोलन की बात को लेकर सैनी ने कहा कि जो भी हो, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस घटना की निंदा करते हुए आरोपी कुलविंदर कौर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आयोग ने कहा कि अध्यक्ष रेखा शर्मा ने घटना को लेकर सीआइएसएफ के महानिदेशक को एक पत्र लिखा है। किसान आंदोलन के राकेश टिकैत ने महिला सिपाही को ही सही ठहराया है । कहा जा सकता है कि सुप्त पड़े किसान आंदोलन की चिंगारी को हवा देने का प्रयास हो रहा है जिसके राजनीतिक मायने हैं और मोदी को कमजोर समझकर अचानक चौतरफा हमला करने या पूरी बेशर्मी से वदीर्धारी महिला को बचाने के लिए उसे शेरनी बतानेवाले लोग राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में इस बात को भूल रहे हैं कि 1984 में पीएम इंदिरा गांधी की हत्या या पीएम राजीव गांधी पर श्रीलंका में सुरक्षाकर्मी का हमला सिर्फ व्यक्तिगत जातिगत या धर्मरक्षा जेहाद जैसी घटना नहीं बल्कि उस विश्वास को हिलाने वाली है जिसपर विश्व का सिस्टम टिका है और जहां राष्ट्र और कर्तव्य सर्वोपरि होता है । यदि कांस्टेबल को दबाव में छोड़ दिया जाएगा तो वर्दी में साथियों या नागरिकों की हत्या के मामलों का क्या होगा?




# क्रिकेट खेल रहे दो बच्चो के बीच खूनी संघर्ष में तीन घायल

### प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में एक बच्चा के पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 11 वर्षीय गोलू कुमार, 19 वर्षीय सुनैना कुमारी, 37 वर्षीय सुषमा देवी का नाम शामिल है। सभी रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला कला के रहने वाले हैं। सभी घायलों का विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना गुरुवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के क्रम में दो बच्चे गोलू व राजा किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। दूसरे पक्ष का बच्चा राजा के बड़े भाई व परिजनों ने बिना जाने मारपीट शुरू कर दिया। इससे पहले पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज को ले जाया गया। घायल गोलू कुमार के परिजनों ने मारपीट की घटना की शिकायत रेहला थाना में की है।

## नहर में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के संतोषडीह गांव के पास नहर में ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक परता गांव निवासी स्व. गुड्डू पासवान के 25 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार है। मृतक के माता-पिता का पूर्व में ही देहांत हो चुका है। घर में एक छोटा भाई की परवरिश भी सूरज ही करता था। एक विवाहित बहन ससुराल में रहती है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि परता पंचायत के कबरा खुर्द स्थित सोन नदी के बालू घाट से बालू का उठाव कर हैदरनगर आने के क्रम में गुरुवार की देर शाम संतोषडीह गांव के समीप नहर में ट्रैक्टर के पलटने से हादसे का शिकार चालक हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।

## पूर्व विधायक के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर, लोगों ने जताया आभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के पहल पर शहरी क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। मालूम हो कि कुछ दिन पहले 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। इस वजह से शहरवासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। शहरवासियों ने पूर्व विधायक को उक्त समस्या से अवगत कराया था। पूर्व विधायक ने संज्ञान लेते हुए विद्युत महाप्रबंधक से बात कर ट्रांसफार्मर की मांग की थी। इसके बाद विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। शहरवासियों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। आभार प्रकट करने वालों में ओमप्रकाश अकेला, भोला गुप्ता, सोनू जायसवाल, सत्यनारायण शौंडिक, सुनील स्वर्णकार, अरविंद गुप्ता, शंभू गुप्ता का नाम शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### तारीक अनवर की जीत पर पलामू कांग्रेसियों ने दी बधाई



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ कांग्रेसी हृदयानंद मिश्रा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, सत्यानंद दुबे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री तारिक अनवर को कटिहार लोकसभा क्षेत्र से छह बार विजयी होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि तारिक अनवर की जीत धर्मनिरपेक्षता की जीत है। तारिक अनवर समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर चलने विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि कटिहार संसदीय सीट से छह बार चुनाव जीतना यह साबित करता है कि अनवर को समाज के सभी वर्गो का समर्थन प्राप्त है।

### वीडी राम के जीतने रेल उपभोक्ताओं को जगी आस

**हैदरनगर।** लोकसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की अप्रत्याशित जीत पर क्षेत्र में खुशी है। साथ ही उनकी चिर प्रतिक्षित मांग पूरी होने की आस जगी है। हैदरनगर रेल फाटक संख्या 50 सी को जाम से मुक्ति दिलाने के लिये आरओबी का निर्माण कराने, ट्रेन नंबर 12877 / 12877 रांची दिल्ली गरीब रथ को हैदरनगर में प्रयोगिक ठहराव दिलाने व रांची से देहरादून तक सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन कराने की मांग है। इस विषय पर सुदर्शन लाल, जयप्रकाश कुशवाहा, अनूप कुमार सिंह, कौशल किशोर, गुरुप्रताप साहिदेव, संतन चौधरी, मथुरा प्रसाद, अरुण गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, राजेश प्रसाद, विजय प्रसाद सहित रेल उपभोक्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. अजय जयसवाल, मुखिया संतोष कुमार सिंह के पास दौड़ लगाना भी शुरू करा दिया है। उन्होंने सांसद से मिलकर इन मांगों को उच्च प्राथमिकता के साथ पूरा कराने का आग्रह किया है। प्रतिनिधियों ने उन्हें आश्वस्त किया है कि चुनाव पूर्व उक्त मांगों को सांसद के संज्ञान में लिखीत रुप में दिया गया है। केन्द्र सरकार गठन के बाद मिलकर उनकी बातों को रखकर समाधान कराने की दिशा में पहल करने का आश्वासन उपभोक्तओं को दी।

### मुखिया ने एपेक्स हॉस्पिटल का उद्घाटन किया



**पाटन।** प्रखंड के ग्राम सगुना में अपेक्स हॉस्पीटल का उद्घाटन सगुना मुखिया व समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया मंजू देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल खुलने से आसपास के लोगों को इलाज कराने में सहूलियत होगी। ऐपेक्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर मजलूम हुसैन ने कहा कि स्वास्थ्य चिकित्सा के प्रति 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। दिन रात कभी भी घटना दुर्घटना से निपटने के लिए हमेशा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। मौके परअनुज कुमार सिंह, राकेश कुमार पांडेय, चंचल कुमार, संजय कुमार सिंह, राजा बाबू सहित अन्य उपस्थित थे।

### चाणक्या एकेडमी : मैट्रिक, इंटर के छात्रों का करियर काउंसलिंग सह विदाई समारोह

**छतरपुर।** चाणक्या एकेडमी में मैट्रिक व इंटर के छात्रों का करियर काउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून मौजूद थे। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्र अपनी कमजोरियों को अपनी शक्ति बनाएं। पढ़ाई में अव्वल रहने के साथ-साथ वे अपनी अंग्रेजी को मजबूत करने के साथ पर्सनालिटी डेवेलपमेंट पर भी फोकस करने से ही उनका भविष्य स्वर्णिम हो पायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी मुश्किल बड़ा नहीं होता है। हारा वही जो अड़ा नहीं। संस्था के निदेशक गगन कुमार ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अच्छे से पढ़ाई करने का टिप्स दिया। कार्यक्रम में वरीय शिक्षक कमलेश प्रजापति, अजय कुमार, चितरंजन कुमार, बसन्त कुमार, चंदन कुमार ने भी छात्रों को बेहतर करियर के निर्माण के कई टिप्स दिए। कार्यक्रम में हनी कुमारी, अंजलि कुमारी, कुमकुम कुमारी, सोनाली गुप्ता, नेहा गुप्ता, प्रियंका कुमारी, चंद कुमारी, एमपी कुमारी, पुष्पा कुमारी, ओम कुमार, शशांक शिवम, आनंद कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी।

### सड़क पर बालू, छरी रखने पर दो पर लगा 45 हजार का जुर्माना



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने शहरी क्षेत्र के मुख्य सड़कों पर डंप किए बालू व छरी को सड़क पर रखने के आरोप में दो लोगों पर 45 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। जिन लोगों पर जुर्माना लगाया गया है उनमें अवधेश पाल व शरद पाल के नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र में रास्ता अवरुद्ध किए जाने के विरूद्ध अभियान चलाकर रास्ता को साफ किया जा रहा था इसकी क्रम में शुक्रवार को जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ के समीप व नाग बाबा के पास सड़क पर बालू रखने के कारण दो लोगों पर जुर्माना लगाया गया। वहीं रामबीघा के पास जिओ आफिस के समीप सड़क किनारे रखे बालू को नगर पंचायत द्वारा हटाया गया। साथ ही सड़क पर किसी भी तरह की सामग्री रखने पर जुर्माना लगाए जाने की चेतावनी दी गई। मौके पर नगर पंचायत के राकेश सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### लू लगने से युवक की बिगड़ी तबीयत

**विश्रामपुर।** लू लगने से शुक्रवार को एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में भर्ती कराया गया है। युवक की पहचान पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरू गांव निवासी सतेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सतेंद्र निजी काम से विश्रामपुर की ओर आ रहे थे। इस बीच वह अचानक सड़क पर चक्कर खाकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने सीएचसी विश्रामपुर लाकर भर्ती कराया। वहां चकित्सको ने युवक को लू लगने की पुष्टि की। चिकित्सीय टीम में जीएनएम सतेंद्र कुमार,अनिल कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### वीडी राम की जीत पर निकाला विजय जुलूस

**पाटन।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार विजयी होने पर मंडल कार्यकर्ता द्वारा पाटन के लोहिया चौक समेत कई जगह पर विजय जुलूस निकालकर लोगों के बीच में मिठाइयां बांटी गई। वक्ताओं ने कहा कि पलामू में मतदाताओं को रुझान इतना बढ़ा की तीसरी बार लोकसभा में वीडी राम को पहुंचा दिया। देश में लोकप्रियता का परिणाम है। मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, अशोक तिवारी, गोपाल पासवान, राधेश्याम मेहता, पशुपतिनाथ शर्मा, अर्जुन तिवारी, जितेंद्र सोनी, गुड्डू सिंह, रिंकी प्रसाद, अरविंद प्रसाद, प्रेम प्रसाद, शिव प्रसाद, प्रमोद सिंह, नॉलेज सिंह, श्रवण मिश्रा, श्याम देव सिंह, अखिलेश सिंह, कामता सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# किसानों के हित की लड़ाई जारी रहेगी : कर्नल संजय

### हुसैनाबाद में किसानों का महापंचायत 19 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू के किसानों के विभिन्न समस्यायों को लेकर आगामी 19 जून को किसान महापंचायत का आह्वान किया गया है। यह जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि सरकार के गलत नीतियों की वजह से अभी भी किसान, युवा, महिला वर्ग आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित व शोषित महसूस कर रहे हैं। इन्हीं समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने व इसके समाधान के लिए किसान ब्रिगेड जपला अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में हुसैनाबाद के सभी किसानों की महापंचायत करने का निर्णय लिया है। महापंचायत के माध्यम से हाल के सर्वे ऑनलाइन में हुए भूमि गड़बड़ी का रि-सर्वे, बिजली विभाग की मनमानी, सिंचाई की व्यवस्था, बालू की किल्लत, बेरोजगारी की समस्या, शिक्षा आदि को प्रमुखता से सरकार के सामने रखा जाएगा। किसान ब्रिगेड द्वारा पूर्व में दिए गए धरना का नतीजा है कि राज्य सरकार द्वारा भूमि संबंधी धारा 87 का कोर्ट डालटनगंज से जपला शिफ्ट हो गया। नीलगाय द्वारा फसल क्षतीपूर्ति की राशि में बढ़ोतरी हुई है। बहुत सारे फैक्ट्री में मृत मजदूरों के परिवारों को मुआवजा मिला तथा किसानों को सुखाड़ का मुआवजा इत्यादि शामिल है। वह सभी महात्मा गांधी, भगत सिंह, जगदेव प्रसाद, लोहिया के विचारधारा पर चलते हुए सत्याग्रह के माध्यम से सरकार को हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू के किसानों को विभिन्न समस्याओं को हल करवाने के लिए बाध्य करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान हित की लड़ाई जारी रहेगी। हुसैनाबाद प्रखंड के मजदूर, किसान व नौजवानों से 19 जून को हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में पहुंचकर महा पंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया है। मौके पर किसान ब्रिगेड सह संयोजक भुनेश प्रसाद सिंह, पैक्स अध्यक्ष अयोध्या सिंह टिकैत, पंसस बद्रीनारायण सिंह, किसान ब्रिगेड सदस्य मृत्युंजय सिंह, अजय सिंह, सचिव पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राजीव कुमार सिंह उर्फ डबल सिंह, क्षेत्रीय किसान अजय सिंह, सत्यनारायण यादव अमित सिंह विजय प्रजापति उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने पुल निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के सुदरवर्ती कुलहिया पंचायत के लादी वादी गांव के समीप शुक्रवार को करोड़ों रुपए के लागत से बतरे नदी पर बन रहे पुल निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। लोगों ने संवेदक के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया। बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत करोड़ों रुपये की लागत से करीब एक माह से लादी वादी बरवाडी बतरे नदी पर पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि संवेदक द्वारा पुल निर्माण में मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा है। साथ ही पिलर में सरिया मानक के हिसाब से नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि संवेदक गड़बड़ी को ठीक कर निर्माण कार्य में गुणवक्ता युक्त सामग्री का उपयोग कर काम करे। साथ ही स्थानीय मुंशी पर मनमानी तरीके से काम करने का भी आरोप लगाया है। साइड इंचार्ज अशोक कुमार ने कहा कि मानक के अनुसार पुल निर्माण का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के शिकायत को ध्यान में रखते हुए हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण पुल का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र भुइयां, पूर्व मुखिया मथुरा रजक, वीरेंद्र यादव, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, संतोष मेहता, लखन सिंह, सुदामा सिंह, जयनंदन सिंह, विमलेश सिंह, जयप्रकाश शर्मा, गजेंद्र सिंह, सोनू यादव, अनिल यादव, ललेश यादव, संतन मेहता, संजय बारी, मनोज मेहता, विश्वनाथ यादव, सिकंदर यादव, विनय मेहता, नंदू यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पैक्स ने 1745 क्विंटल धान के बीज के लिए ड्राफ्ट भेजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में किसान मानसून को देखते हुए खरीफ खेती के लिए तैयारी करना शुरू कर दिए हैं लेकिन अभी तक बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान चिंतित हैं। पलामू जिला के पैक्स और एफपीओ ने बीज आवंटन करने वाली मुख्य कंपनी नेशनल सीड कार्पोरेशन और हिल इंडिया से 1745 क्विंटल धान के बीज के लिए मांग ड्राफ्ट जमा कर दिया है। इसमे धान के एमटीयू 1010 प्रभेद के 1655 क्विंटल और एमटीयू 7029 प्रभेद के 90 क्विंटल सामिल है। इसके विरुद्ध कंपनी ने पैक्स और एफपीओ को मात्र 400 क्विंटल बीज आवंटन किया है।

# उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को अधिक गैस सिलेंडर मिले : कौशल किशोर



### पर्यावरणविद ने नवनिर्वाचित सांसद को हाई ग्रीन पौधा देकर जीत की बधाई दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीतने पर नव निर्वाचित सांसद वीडी राम को बधाई दी। उन्होंने कहा पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों का स्वागत पौधों से करने का विधान है। इसके तहत दुनिया के सबसे अधिक हाई ग्रीन पौधा नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत किया। श्री जायसवाल ने कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट को टालने तथा जलवायु परिवर्तन को रोकने के उद्देश्य से पूरे देश में उज्वला योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को गैस सिलेंडर दिलाई जाए। भोजन बनाने के लिए महिलाएं जलावन के लिए वनों की कटाई नहीं करेंगी। वनों का क्षेत्रफल बढ़ने से प्रदूषण पर लगाम लगेगा। इतना ही नहीं वनों की कटाई नहीं होने से वर्षापात का भी प्रतिशत भी बढ़ेगा, जिससे बेकाबू गर्मी से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सभी महिलाओं को एक गैस सिलेंडर देती है उससे समाज के लोगों को कई लाभ मिलेगा। इससे दुनियां की चार बड़ी समस्याओं का निदान सम्भव हो सकेगा। मौके पर पर छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आस्था

### कलश यात्रा के साथ लोहड़ी में नौ दिवसीय महायज्ञ का शुरू

# यज्ञ से सुख समृद्धि, शक्ति मिलती है : शशिभूषण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी गांव में नौ दिवसीय रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ का उदघाटन पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशि भूषण मेहता, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरों, सतबरवा जीप सदस्या सुधा कुमारी, मेदिनीगर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, उप मुखिया मुधीर कुमार साव ने मुख्य यजमान नवल किशोर पाठक उनकी पत्नी प्रमिला देवी को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त नगर भ्रमण कर शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय स्थित झरना से कलश में जल भर कर यज्ञ मंडप पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश की स्थापना कराई गई। कलश यात्रा में शामिल विधायक कुशवाहा डा. शशी भूषण मेहता ने कहा कि यज्ञ करने से पूरा वातावरण शुद्ध होता है। जहां यज्ञ होता है, वहां देवता का आगमन होता है। यज्ञ करने से सुख समृद्धि के साथ लोगों को शक्ति मिलती है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अखिलेश पाठक ने बताया कि कलश यात्रा नगर भ्रमण के बाद संध्या नौ बजे से रात्रि 11 बजे तक मानस प्रवचन का आयोजन किया गया है। प्रवचन 14 जून तक प्रतिदिन चलेगा। झांसी उत्तर प्रदेश की कथा वाचक मानस माधुरी माला लोगों को प्रवचन देंगी। 15 जून को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम सात बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। 16 जून को हवन व महाप्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। कलश यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विकास तिवारी,अजय उरांव, मनीष कुमार, महेश यादव, विजय पाठक, यज्ञ समिति के आशुतोष, पाठक,गौरी शंकर पाठक, बलराम पाठक, राम स्वरूप पाठक, सुरेश पाठक, मृत्युंजय पाठक, निर्दोष कुमार के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सतबरवा मेला टांड़ के समाजिक कार्यकर्ता राजेश गोस्वामी, डबलू मिस्त्री, टिंकू मिस्त्री, दिपक प्रसाद, दिनेश विश्वकर्मा, आनन्द गुप्ता द्वारा पैर धोने के साथ हर श्रद्धालुओं को शरबत व एक-एक बोतल पानी पीने के लिए दिया गया।








## एक नजर

### शैक्षणिक अराजकता के विरूद्ध राजभवन को पत्र भेजा



**मेदिनिनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय शैक्षणिक अराजकता के विरूद्ध राजभवन को पत्र भेजा है। राजभवन को भेजे पत्र में छात्र हित की कई मांगों का उठाया गया है। कहा कि विश्वविद्यालय में विकट परिस्थितिया उत्पन्न हो गई है। विश्वविद्यालय की स्थिति इतनी खराब है कि न तो समय पर सिलेबस, परीक्षाएं और न ही रिजल्ट समय पर निकलता है। कुछ विषयों में पूरा का पूरा सेमेस्टर में सभी विद्यार्थियों को फेल कर दिया जाताहै। जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्वीटी बाला, राजनीति विज्ञान विभाग सुरेश साहू, हिंदी विभाग के छात्रों ने विभिन्न शिक्षकों व विश्वविद्यालय पदाधिकारी के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चला। जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। कहा कि विश्वविद्यालय व विभिन्न कॉलेजों में कार्यरत आउटसोर्सिंग व अनुबंध नियुक्त शिक्षक ही पढ़ाते हैं। अन्य स्थाई शिक्षकों में कुछ लोगों को छोड़कर कोई क्लास नहीं लेता है। कोरोना काल खत्म होने के बाद भी अभी तक विश्वविद्यालय का पठन-पाठन सत्र नियमित नहीं किया गया। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा की अगर उनकी मांगों पर राजभवन कुछ नहीं करता है तो मजबूर होकर विश्वविद्यालय बचाओ आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। मौके पर बिपिन शुक्ला, मुकेश पासवान, कौशल राज, समीर तिवारी,अंकित तिवारी, नयन कश्यप सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे।

### एनसीसीएफ का किसानों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# अधिकारियों ने उच्च उपज वाली तूर की खेती पर जोर दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ एचसीएफ के तत्वावधान में शनिवार को टाउन हॉल में तूर उगने वाले किसानों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाग लेने वाले किसानों को दो किलोग्राम स्थानीय तुर की किस्में किट में वितरित किया गया। एनसीएफ द्वारा किसानों को कृषि उत्पादकता बाजार में पहुंच बढ़ाने में भूमिका के बारे में शिक्षित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को अधिकतम उपज व गुणवत्ता के लिए तूर की खेती के लिए प्रथाओं के नवीनतम पैकेज सहित अधिकतम उपज तकनीक पर भी प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारियों ने तूर उत्पादन क्षेत्र में ही स्थानीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त उच्च उपज वाली तूर की खेती पर जोर दिया। बताते चलें कि एचसीएफ में पायलट चरण में तूर बीज उत्पादन शुरू करने के लिए किसानों को केंद्र राज्य तथा जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की योजना बनाई है। इसका रिसाला में तूर भेज उत्पादन स्थलों की पहचान करने व किस समूह बनाने में राष्ट्रीय, राज्य सरकारों के साथ काम करने की एनसीएफ के रणनीति पर चर्चा भी हुई। उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने में उन्नत बीज किस्म के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पलामू, गढ़वा, लातेहार तीनों जिले के कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष, राष्ट्रीय बीज निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक, एनसीसीएफ के राज्य पदाधिकारी शामिल थे।




**किसानों को दिया गया किट**



एनसीसीएफ में भाग लेने वाले किसानों को किट वितरित किट में प्रत्येक में 2 किलोग्राम स्थानीय तूर की किस्में शामिल है। इसके अलावा एक किलोग्राम राजीव लोचन, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रांची, एक किलोग्राम नरेंद्र टू, अवस्थी सीड्स दिया गया। यह पहल किसानों को इन किस्मों का परीक्षण करने व उनके क्षेत्र के प्रदर्शन का आकलन करने में सक्षम बनाती है।

## स्टेशन पर दो लिफ्ट चालू बीमार यात्रियों को होगी सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शनिवार से दो लिफ्ट चालू कर शुरू कर दिया गया है। लिफ्ट प्लेटफार्म नंबर एक व प्लेटफार्म नंबर दो, तीन पर है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन धनबाद रेलवे मंडल के अंतर्गत आता है। पूर्व मध्य रेल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। लिफ्ट शुरू हो जाने से बरकाकाना रेलवे जंक्शन से गढ़वा रोड जंक्शन तक के बीच में डालटनगंज पहला रेलवे स्टेशन बन गया है जहां तीन प्लेटफार्म लिफ्ट सुविधा उपल्बध है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन से करीब प्रतिदिन गंभीर रोगी दिल्ली कोलकाता रांची बनारस इलाज के लिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में लिफ्ट बीमार यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा। लिफ्ट को चलाने के लिए एक लिफ्ट ऑपरेटर को रखा गया है। लिफ्ट की क्षमता एक समय में छह यात्री व उनके सामानों के साथ होगी। लिफ्ट बिजली से चलेगी, लेकिन बिजली के नहीं रहने पर जनरेटर के भी सुविधा उपलब्ध होगी। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह लिफ्ट के साफ सुथरा रखें। लिफ्ट के अंदर सिगरेट, पान मसाला, बीड़ी या किसी भी तरह का धूम्रपान, नशा की अनुमति नहीं है। पकड़े जाने पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। लिफ्ट की विशेष तौर पर सफाई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यात्रियों से लिफ्ट को साफ रखने की अपील की है।

## नल जल योजना में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने कार्यालय में जड़ा ताला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के सांभर पंचायत के ग्रामीणों नल जल योजन में गड़बड़ी व पेयजल संकट के निदान को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवासीय रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। दो घंटा तक अनशन पर बैठने के बाद भी प्रखंड कार्यालय का कोई प्रतिनिधि बातचीत या आश्वासन के लिए नहीं पहुंचा तो सामूहिक रूप से मेन गेट की ताला लगा दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पिंटू पांडेय ने बताया कि पंचायत के सभी ग्रामीण जल संकट से त्राहिमाम कर रहे हैं। इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। अजीज होकर ग्रामीण जनता धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जल के बिना कोई दैनिक कार्य संभव नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। नल जल योजना अक्षत कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। इसके पहले पंचायत में जलमीनार लगाया गया था। रुपयों की बंदरबांट की गई थी। ग्रामीणों ने योजना में हो रहे गड़बड़ी को रोकने,योजना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ग्रामीणों को नल जल योजना पूरे ना होने तक टैंकर से पानी की मांग की है। ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग को उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। प्रखंड कार्यालय में तालेबंदी की सूचना पर लेस्लीगंज थाना के एएसआई राजू मांझी प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बूझकर मेन गेट का ताला खुलवाया।




## न्यूज बॉक्स

### आज से खुलेंगे सभी कोटि के सरकारी विद्यालय

**मेदिनीनगर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शनिवार से सभी कोटि के सरकारी विद्यालय बाद खुल जाएगा। पूर्व में 21 मई से दो जून तक ग्रीष्म अवकाश निर्धारित था, लेकिन भीषण गर्मी व जनवरी के बचे हुए पांच अवकाश दिवस को सामंजित करते हुए उसे सात जून तक बढ़ा दिया गया था। हालांकि शुक्रवार से तामपान में फिर से बढ़ोत्तरी के कारण अभिभावक विद्यालय खुलने से खासे परेशान हैं। जिले में तापमान में 42 डिग्री तक बढ़ोतरी हो गई है। गर्म हवाएं भी 15 जून तक चलने के आसार है, जिससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में वृद्धि होगी। बच्चों को गर्मी में अभिभावक स्कूल कैसे भेजेंगे यह विचारणीय है। बता दे कि पूर्व में हीट वेब से कई लोगों के बीमार होने व मृत्यु होने की घटना हो चुकी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने बताया की पूर्व से ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार से विद्यालय का संचालन होगा। विद्यालय पूर्व की भांति 6:45 से लेकर 11:30 तक खुला रहेगा। अभी तक राज्य से कोई निर्देश प्राप्त नहीं है। अगर लू व गर्मी को देखते हुए कोई निर्देश प्राप्त होता है तो उस पर विचार करते हुए कोई निर्णय लिया जाएगा।

### राज भवन के समक्ष 13 को महाधरना देगा वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा

**मेदिनीनगर।** राज्य के 10 हजार शिक्षक कर्मचारी जैक के सीट निर्धारण के निर्णय के खिलाफ घेराव जैक, मुख्यमंत्री आवास,मंत्री आवास का घेराव करेंगे। अगर जैक अपना निर्णय वापस नहीं लेगा तो उसी दिन से जैक के सामने मोर्चा के पदाधिकारी अनशन पर बैठ जाएंगे। मोर्चा अनुदान में 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी व बिहार के तर्ज पर अनुदानित स्कूल कॉलेज के शिक्षक कर्मियों के राज्य कर्मी के दर्जा की मांग को लेकर राज भवन पर 13 जून को महाधरना देगा। 10 जून को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपेगा। शिक्षा विभाग अधिनियम के खिलाफ जैक को पत्र भेजकर इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रत्येक संकाय में 384 सीट का निर्धारण करने को कहा है, जिसके आलोक में जैक ने अंगीभूत कॉलेज में 384 व इंटर कॉलेज में 384 प्रत्येक संकाय में सीट का निर्धारण कर दिया है। इस निर्णय से राज्य के लाखों बच्चे नामांकन के लिए विभिन्न कॉलेज का दौड़ लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद अधिनियम 2006 में स्पष्ट है कि प्लस टू स्तर के संस्थानों में सीट निर्धारण का अधिकार जैक को है। शिक्षा विभाग कैसे प्लस टू राजकीय स्कूलों में असीमित नामांकन की खुली छूट दे दिया है। प्रत्येक विषय में एक-एक शिक्षक हैं। राज्य सरकार केवल 11 विषयों में शिक्षक की नियुक्ति किया है, तो फिर अन्य विषयों में पढ़ाई कैसे होती है। क्षेत्रीय भाषा, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, उर्दू, संस्कृत व बहुत से विषयों में शिक्षक ही नहीं है। बैठक में देवनाथ सिंह, नरोत्तम सिंह, संजय कुमार, अरविंद सिंह, मनीष कुमार, कुंदन कुमार सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, परमेश्वर शर्मा, फजलुल कादरी अहमद, गणेश महतो, रघु विश्वकर्मा,विनय कुमार, मनोज कुमार तिर्की, कमलेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रीष्मकालीन खोखो प्रशिक्षण शिविर आज से

**मेदिनीनगर।** आगामी राज्य स्तरीय खेल को देखते हुए शनिवार से जीएलए कॉलेज स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में किसी भी उम्र के बालक,बालिका,महिला, पुरुष खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ी व प्रशिक्षक द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी शनिवार से संध्या चार बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंच कर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट खोखो एसोसिएशन सचिव संजय त्रिपाठी ने दी।

## नव चेतना

### पूर्व उपमहापौर ने नगर आयुक्त से मिलकर सौंपा ज्ञापन

# कचरवा डैम के निर्माणाधीन पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नगर आयुक्त से भेंट कर कचरवा डैम के पास निर्माणाधीन पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने व पार्क का नामकरण धरती आबा के नाम पर करने के संबंधी मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका रही है। स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। अंग्रेजों की गुलामी से बचाने के लिए भी वे संघर्ष करते रहे। लोग आदरपूर्वक उन्हें धरती आबा कहते हैं। उन्होंने कहा कि पार्क का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखा जाए जिससे आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले।

**बिरसा मुंडा की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका रही : पूर्व डिप्टी मेयर**



नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंपते पूर्व डिप्टी मेयर

### मालगाड़ी वैगन में लगी आग, एक घंटा में काबू कर लिया

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन कोयले से लदी मालगाड़ी के एक वैगन में लगी आग पर एक घंटे के प्रयास के बाद काबू पा लिया गया। यह जानकारी डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि आग ब्रेक वैन से नौ नंबर के कोयले से लदे वैगन में लगी थी। मालगाड़ी बुकरू टोरी रेलवे कोल साइडिंग से चल कर उत्तर प्रदेश जा रही थी। कोयला वैगन में आग लगने की यह सातवीं घटना है। डालटनगंज शहर में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई इसके पश्चात इस 58 वैगन वाले कोयले से लदी ट्रेन को डालटनगंज रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

### संत मरियम के तीन छात्रों ने नीट परीक्षा में लहराया परचम

# भविष्य में अधिक विद्यार्थी कठिन परीक्षाओं में सफल होंगे: अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश के कठिन परीक्षा में शामिल महत्वपूर्ण परीक्षा एनटीए द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा में संत मरियम स्कूल के छात्रों ने सफल होकर विद्यालय, माता-पिता समेत पूरे पलामू को गौरवान्वित किया है। बता दें कि चिकित्सक बनने का सपना संजोये देश के लाखों छात्र इस कठिन परीक्षा में बैठते हैं। एक स्कूल से तीन विद्यार्थी का चयन होना महत्वपूर्ण है। स्कूल की छात्रा आकांक्षा भारती, डा. ओम प्रकाश भारती की पुत्रि ने 689 अंक में 99.77 प्रतिशत, संतोष महतो की पुत्रि पिंकी कुमारी ने 649 अंक 98.68 प्रतिशत, सतेंद्र प्रसाद के पुत्र प्रियांशु कुमार ने 635 अंक में 98.11 प्रतिशत प्राप्त कर सफला अर्जित की है। सफल सभी छात्रों को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करने का अवसर मिलने पर वह एक सफल चिकित्सक बनकर देश के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे सकेंगे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार गर्व महसूस कर रहा है। यह सफलता कुशल व अनुभवी शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन व छात्रों के मेहनत के संयुक्त परिश्रम का परिणाम है। निश्चित तौर पर आने वाले समय में स्कूल से और अधिक बच्चे इस प्रकार की सभी कठिन परीक्षाओं में सफल होंगे। इस सत्र से नीट व आईआईटी जैसे कठिन परीक्षाओं के बेहतरीन तैयारी के लिए वर्ग 11 वीं के प्रारंभ से ही इसके तैयारी पर शिक्षकों द्वारा केंद्रित किया जाएगा। पूरे प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी।



Akanksha Bharati | Pinky Kumari | Priyanshu Kumar

## एक नजर

### मारुति वैन के धक्के से बाइक सवार घायल, चल रहा इलाज




**गढ़वा ।** मझिआंव-विशुनपुरा रोड में मझिआंव थाना क्षेत्र के करमडीह गांव के समीप शुक्रवार को मारुति वैन के धक्के से मोटरसाइकिल सवार अजय बैठा पिता मुंशी बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिगावां गांव का रहने वाला है। बताया गया कि अजय बैठा ने मोटरसाइकिल से मझिआंव से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान करमडीह गांव के समीप यह घटना घटित हो गई। पीछे से आए अज्ञात मारुति वैन ने मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। इस घटना में अजय बैठा के बायां पैर में गंभीर चोट लगी है। घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल भेजवाया गया।

### बाइक के धक्के से महिला घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा ।** मझिआंव-सुंडीपुर मार्ग पर कांडी थाना क्षेत्र के मोखापी गांव में शुक्रवार को मोटरसाइकिल के धक्के से वीरेंद्र राम की पत्नी रिंकी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि रिंकी देवी अपने गांव में ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकान में राशन लेकर घर लौटने के लिए आटो पर सवार होने जा रही थी। इस दौरान पीछे से आए एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया। इस घटना में रिंकी देवी के पैर में गंभीर चोट लगी है।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचला, मौत



जानकारी देते मृतक के स्वजन।





**दो सप्ताह पूर्व दो लोगों की बालू लदे ट्रैक्टर के धक्के से ही हुई थी मौत**

**ड्राइवर भी है नाबालिग**

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली गांव के भाटादामर टोले में अवैध बालू लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 7 वर्षीय बालक संतोष भुईयां को कुचल दिया जिसे इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में ही बालक की मौत हो गई। घटना गुरुवार रात्रि 8:30 बजे की बताई जा रही है घटना में मृत बालक चिनिया थाना क्षेत्र के चिरका गांव निवासी मंगरु भुईया का पुत्र था जो गुरुवार के दिन ही अपने नाना जवाहिर भुईया के घर चपकली गया था।

मृतक बालक के पिता ईटभाटा पर बाहर काम करने गया है वहीं घटना से गांव के लोग आक्रोशित हो गए तथा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया तथा सभी टायरों के हवा निकाल दिए तथा ड्राइवर को पकड़ लिए, ड्राइवर भी नाबालिक है। मामले की जानकारी मिलने पर चिनिया थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे जहां ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा ट्रैक्टर वहां से पुलिस को ग्रामीण नहीं लाने दे रहे थे ग्रामीणों का विरोध है कि अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से हमेशा दुर्घटना हो रहा है तथा लोगों की जान जा रही है। अभी चपकली गांव में ही दो सप्ताह पूर्व दो लोगों की अवैध बालु लदे ट्रैक्टर के धके से ही मौत हो गई थी। काफी समझाने बुझाने के बाद रात्रि करीब 2:00 बजे ट्रैक्टर को चिनिया थाना परिसर लाया गया। उधर घटना में घायल बालक को धक्का लगा था तो जिंदा था परंतु एंबुलेंस से ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

**थाना प्रभारी ने क्या कहा**

मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर दुर्घटना में घटनास्थल से ट्रैक्टर व चालाक को पकड़ कर थाना ले लाया गया है। ट्रैक्टर डंडई थाना क्षेत्र के पचौर गांव निवासी दुबराज सिंह का है वही ट्रैक्टर चालक नाबालिक है। जिसे बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है। तथा ट्रैक्टर व ट्रैक्टर मालिक पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### पर्यावरण दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान



**गढ़वा।** जन सहभागी केंद्र के तत्वधान में झारखंड राज्य जलछाजन मिशन के सहयोग से गढ़वा प्रखंड के उड़सूगी गांव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। उस दौरान पर्यावरण की रक्षा हेतु उड़सूगी गांव मे अमृत सरोवर तालाब पर वृक्षारोपण किया गया और ग्रामीणों को पौधा देकर अपने घर-घर मे भी लगाने का आग्रह किया गया। साथ ही वृक्षों की रखरखाव हेतु आवश्यक जानकारी ग्रामीणों को दी गई।पर्यावरण बचाने व लगाए गए वृक्षों को बचाने के लिए लोगो को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व लगाए गए वृक्षों को बचाने के लिए लोगो को शपथ दिलाई गई। वर्तमान समय मे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगो को इसके बचाव हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की सलाह दी गई! इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पीआईए विजय कुमार शामिल रहे। इस कार्यक्रम मे इंजीनियर सुजीत कुमार आजाद, सोशल मोबीलाइजर आकाश कुमार, अकाउंटेंट विकास कुमार, दिनेश कुमार रवि, मिना कुमारी, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष पति कमल प्रसाद उरांव, सचिव प्रभु पाल, रामा पाल सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के खोरीडीह गांव निवासी विपीन चंद्रा की पत्नी कलावती देवी मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि कलावती देवी अपने पुत्र नितेश कुमार के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के घर जा रही थी। इस दौरान खोरीडीह गांव में ही चलते हुए मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। इस घटना में उसके सिर, ठुड्ढी एवं कमर में चोट लगी है।

### युवक ने दो सगे भाइयों को पीट कर किया घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के जड़गड़ गांव निवासी भोला विश्वकर्मा पिता शंभू विश्वकर्मा को अपनी भाभी के कहने पर स्टैंड पंखा की रिपेयरींग कराना महंगा पड़ गया। इसे लेकर भोला के सगे भाई बैजनाथ विश्वकर्मा ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जबकि बीच-बचव के करने में उसका भाई अनिल विश्वकर्मा भी घायल हो गया। इस घटना में घायल भोला विश्वकर्मा एवं अनिल विश्वकर्मा का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार भोला विश्वकर्मा एवं उसके सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। बताया गया कि अपनी भाभी वंदना देवी पति बैजनाथ विश्वकर्मा के कहने पर भोला विश्वकर्मा ने उसके घर के स्टैंड पंखा को वीरबंधा गांव स्थित एक दुकान में रिपेयरींग करने के लिए दिया था। लेकिन इसकी जानकारी मिलने पर बैजनाथ विश्वकर्मा को यह बात नागवार लगी।

# खेल हमारे जीवन की है आवश्यकता : डीएफओ

**तालाब और पेड़ की रक्षा करें**

**समर कैंप का हुआ समापन**



समर कैंप में शामिल खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि डीएफओ दिलीप कुमार यादव।

**नीवन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में चल रहे समर कैंप का समापन शुक्रवार को किया गया। समापन अवसर पर समर कैंप में शामिल सभी खिलाड़ियों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया। इस मौके पर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने कहा कि आप सभी लोग अभी नौनिहाल हैं आप लोगों के अंदर अभी काफी ऊर्जा है इस ऊर्जा को आपको सही दिशा में इस्तेमाल करना है। आप सभी लोगों को समर कैंप के माध्यम से टेबल टेनिस खेलने के बारे में जानकारी दी गई है। खेल हमारे जीवन की आवश्यक हिस्सा है स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा जिले में काफी गर्मी है और ऐसी स्थिति में हम जिन लोगों से भी मिलते हैं उनसे निवेदन करते हैं कि आप तालाब का हत्या न करे। हम सभी लोगो को मिलकर तालाब और पेड़ का संरक्षण और उसके संवर्धन करने की जरूरत है।

पहले के राजा महाराजा अपने क्षेत्र में तालाब और बगीचा लगाया करते थे। जिसका लाभ लोगो को मिलता था, आज हम सभी लोगों को भी अपने आसपास के जल को संरक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की तालाब के पास आप ध्यान देंगे तो आपको पता लगेगा की तालाब के पास एक डिग्री से 12 डिग्री तक तापमान कम रहता है वही पेड़ के पास आठ डिग्री सेल्सियस तापमान कम होता है। आप सभी लोग जहां भी तालाब बचे है उसका अतिक्रमण नहीं होने दे और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है जो लोग खेल से दूर हैं ,वे लोग दवा के इस्तेमाल जरूर कर रहे हैं।

इसलिए हर व्यक्ति स्वस्थ रहने के लिए खेल को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करे। टेबल टेनिस समर कैंप में खिलाड़ियों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और खेल के बारे में जानकारी हासिल किए हैं। हमें उम्मीद है की आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपने खेल की बदौलत जिले का नाम रोशन करेंगे।

# विभिन्न प्रखंडों में परिवर्तन यात्रा निकालकर जनता से किया जाएगा सीधा संबंध : गिरीनाथ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड के पूर्व मंत्री वह गढ़वा से रहे विधायक गिरीनाथ सिंह के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा सह जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड के विभिन्न पंचायत व गांव में चौपाल लगाकर जनता से सीधे जनसंवाद किया।

इस क्रम में सिसवा, कठमौली, हरहे, चपरी, गौरई करम, सुली पटसर, पथलगढ़वा, मुदखुड़, दाहो, रक्सी, मगराही, मुरली विभिन्न गांव का दौरा करते हुए आगे भी इस तरह का कार्यक्रम जारी रहेगा।

इस मौके पर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों वह थानों में भ्रष्टाचार चरम पर है उससे जनता परेशान है भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है इसको देखते हुए गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड मुख्यालय पर जन आंदोलन किया जाएगा और चेतावनी दी जाएगी कि जल्द से जल्द जितने भी भ्रष्टाचार में लिप्त लोग हैं वह इस तरह का कार्य करना छोड़ दे। इस मौके पर गिरीनाथ सिंह को रमकंडा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव में आपार समर्थन देखने को मिल रहा है।

वहीं पर गिरी नाथ सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में गढ़वा विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों में परिवर्तन यात्रा निकालकर जनता से सीधे संबंध किया जाएगा और उनकी मूल समस्याओं को उठाने का काम किया जाएगा।



## असदउद्दीन ओवैसी की जीत की खुशी में निकाला गया विजय जुलूस



**मेराल।** एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान के नेतृत्व में गुरुवार को बैरिस्टर असदऊदीन ओवैसी की जीत की खुशी में मेराल में विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस की शुरूआत अस्पताल चौक से होकर बस स्टैंड तक निकाला गया जुलूस में शामिल लोगों ने जमकर नारे लगाए एवं आतिशबाजी भी किया। तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत के खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर डॉक्टर एम एन खान ने असदुद्दीन ओवैसी के पांचवीं जीत पर विजय जुलूस निकाला एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए आने वाले समय में केंद्र में इंडिया गठबंधन की मजबूत सरकार बनेगी। जिसमें एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को कैबिनेट मंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश जो है नफरत से नहीं बल्कि मोहब्बत से चलता है यह पैगाम देश के जनता ने दिया। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि झारखंड के झामुमो और कांग्रेस की सरकार पूरी तरह सभी मोर्चे पर फेल है उन्होंने वादा किया था कि प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देंगे तथा महिलाओं को आरक्षण देंगे एव स्कूल कॉलेज खोलने का काम करेंगे तथा पलायन रोकेंगे। लेकिन यह सरकार सभी मोर्चे पर फेल हो गई।

# न्याय के देवता शनि देव महाराज की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**24 घंटे के अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा स्थित श्री शनिदेव मंदिर में न्याय के देवता शनिदेव की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। शनि जयंती के महा संयोग पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने शनिदेव की कृपा पाने के लिए तिल और तेल का चढ़ावा किया।पंडित भोलानाथ उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से विधिवत पूजा अर्चना कर शनि देव को तेल से अभिषेक किया। पूजा में मुख्य यजमान मोहन तिवारी शामिल हुए। पूजा के पश्चात हवन, यज्ञ के बाद शनि देव महाराज की आरती की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि शनिदेव को तिल और तेल चढ़ाने की पौराणिक मान्यताओं के चलते भक्तों ने तिल और तेल चढ़कर अपने मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना शनि देव से की। शास्त्रों के अनुसार शनि देव को न्याय का देवता माना जाता है। शनि देव महाराज की जयंती के अवसर पर श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमेटी की ओर से मंदिर परिसर को टेंट, झालर, बत्ती, लाइट, साउंड आदि द्वारा आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वही शाम 8:00 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। धुरकी व रमना प्रखंड के कीर्तन मंडली द्वारा किए जा रहे अखंड कीर्तन का शुभारंभ श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमेटी के अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू ने पूजा अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर सोनू सिंह ने बताया कि जब से मंदिर में शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है तब से अनवरत विधि विधान से पूजा पाठ, अखंड कीर्तन, महाप्रसाद वितरण कराया जाता रहा है। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों की आस्था इस मंदिर से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि 7 जून दिन शुक्रवार को मंदिर का सातवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में सुबह से ही पूजा पाठ, हवन यज्ञ, अखंड कीर्तन एवं महा भंडारा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत श्री श्री शनि पीठाधीश्वर अनंत विभूषित वालयोगेश्वर स्वामी शनि देव जी महाराज शामिल होंगे। उन्होंने आसपास के बड़ी संख्या में लोगों को पूजा अर्चना में शामिल होने और महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# राशन डीलरों पर कालाबाजारी करने का लगा आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

सरकार के द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को जन वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन उपलब्ध कराकर उनको राहत देने की योजना चलाई जा रही है। लेकिन खरौंधी प्रखंड के कुछ राशन डीलरों के द्वारा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर डाका डाला जा रहा है। ताजा मामला गढ़वा जिला के खरौंधी प्रखंड के कुपा पंचयात के मेलवान गांव का है जहां राशन डीलर के द्वारा गरीब लाभुकों के राशन की हेराफेरी की जा रही है। खरौंधी प्रखंड अंतर्गत कुपा पंचायत के मेलवान गांव के जन वितरण प्रणाली के डीलर सुरेश पासवान के द्वारा प्रत्येक लाभुक से दो से तीन किलोग्राम राशन की कटौती की जा रही है। लाभुकों का आरोप है की पिछले महीने मई माझ का भी आधे से अधिक कार्डधारियों का भी राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

डीलर से लाभुक राशन की मांग करते हैं तो उनके द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मांग किया है की डीलर द्वारा राशन कालाबाजारी एवं कार्डधारियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले डिलर पर कार्रवाई की जाय। कार्डधारियों में अवध राम, कुमारी देवी, एतवरीया देवी, सुमन देवी, विगनी देवी, सुरेन्द्र राम, प्रमोद राम,सुरवन राम ,मरवोला देवी, शम्भू राम, सविता देवी, किशुनी देवी,शीला देवी आदि का नाम शामिल है।

**क्या कहते हैं मुखिया**

मुखिया प्रमोद राम ने कहा की डिलर सुरेश पासवान द्वारा राशन वितरण में घोर अनियमितता बरती जा रही है जो की सरासर गलत है ऐसे डीलर पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**क्या कहते हैं डीलर**

डीलर सुरेश पासवान ने कहा की मुखिया द्वारा गोदाम में ताला मार दिया गया जिसके वजह से आधे कार्डधारियों का ही राशन वितरण कर पाए हैं।

**क्या कहते हैं पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी**

पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा की जनता के हक अधिकार लूटने वाला डिलर पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## मृतक के श्राद्धकर्म में मुखिया प्रतिनिधि ने सहयोग किया



**केतार।** केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने चेचरिया गांव निवासी मृतक पंकज भुइयां के घर जाकर उनकी मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने मृतक का श्राद्धकर्म के लिए एक टीन रिफाइन तेल,पतल, ग्लास सहित अन्य समाग्री देकर सहयोग किया। इस मौके पर मृतक का पिता सीटू भुइयां,छोटन सिंह, रमेश राम, पुरूषोत्तम गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।


झारखण्ड-सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

रोजगार भर्ती कैम्प

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हंसकेर, गढ़वा में दिनांक– 14.06.2024 दिन – शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। इस कैम्प में सिर्फ ITI Grahwa, Chiniya, Bhandariya एवं Jhagratand के प्रशिक्षणरत एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। जो प्रशिक्षणार्थी इस रोजगार भर्ती कैम्प में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना शैक्षणिक एवं आई टी आई से सम्बंधित प्रमाण –पत्र लेकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हंसकेर गढ़वा में अपराह्न 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

Company Name- 1- Suzlone Energy Ltd. Anantpur, Andhra Pradesh
Salary- ITI Fresher- 21545/- , ITI Experience - 22579/-
2- SOGEFI Engine System India Pvt Ltd. Gurgaon, Hariyana
Salary- 13000/- for 26 Days
3- Shriram Pistons & Rings Ltd. Ghaziabad,
Salary- 16531/-
Trade- Fitter, Turner, Electrician, Welder, Diesel Mechanic, Electronic Mechanic, Motor Mechanic Vehicle etc
Age Limit- 18 Yrs - 30 Yrs
Documents Required – Adhar Card, Passport Size Photograph, 10th & 12th Maksheet, ITI Maksheet And Passing Certificate [All Documents Xerox Copy]
नोट– इस रोजगार भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए कोई यात्रा– भत्ता देय नहीं होगा।
Contact No. 7992311265, 6207501651

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

PR 325345 Labour Employment and Traning(24-25).D



कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

आम सूचना
(7th Call)

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 14.06.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 14.06.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 325347 Urban Development(24-25).D

# साहब! सड़क जाम की समस्या से आखिर कब मिलेगी राहत

नवीन मेल संवाददाता।
लोहरदगा

साहब! इस समस्या से आखिर कब मुक्ति मिलेगी। हर शहरवासी परेशान है। 'सड़क जाम की समस्या अब 'नासूर' बन गया है। कुछ ऐसे ही वाक्य रोज जाम में फंसे लोगों के मुंह से अब बरबस निकलने लगे हैं। शहरी क्षेत्र में हर दिन लोग जाम में फंस रहे हैं। पूरे शहर के लिए जाम एक बड़ी समस्या बन गयी है।

जाम के कारण आम आदमी से लेकर पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी तक परेशान हैं। लेकिन, समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है। जाम से आजिज आ चुके लोग अब इस समस्या से अविलंब मुक्ति चाहते हैं। जानकारी के अनुसार लोहरदगा शहरी क्षेत्र के अधिकांश सड़कों पर अतिक्रमण फैला हुआ है। अतिक्रमण के भार से अधिकांश सड़के लदी हुई है। जिसके कारण यहाँ सड़क जाम की समस्या आम हो गई है। आलम यह है कि छोटे-छोटे दुकानदार सड़को पर ही फोल्डिंग चौकी लगाकर सामान बेच रहे है। जिसके कारण सड़क जाम की समस्याएं हो रही है। आए दिन सड़क जाम होने के कारण लोगों को परेशानी के सामना करना पड़ रहा है। इसके निजात के लिए लोग आवाज उठा रहे हैं। बावजूद इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है।

जिसके कारण हर समय सड़क जाम की समस्याएं उत्पन्न हो जा रही है। ताजा हालात यह है कि अगर हम महावीर चौक से पावरगंज चौक तक जाते हैं तो लगभग सवा किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए 20 से 25 मिनट लग जाते हैं।

इसका मुख्य कारण है की इस सड़क के किनारे लोग दुकानदार मनमाने तरीके से अपने दुकान को सड़कों पर लगा देते हैं। वही बड़ा तालाब के पास आई लव लोहरदगा का बड़ा सा बोर्ड लगा हुआ है और यहां पर नो पार्किंग जोन का भी बोर्ड लगा हुआ है। जहाँ पर किसी भी तरह का पार्किंग नही बनाया जाना है लेकिन इसी नो पार्किंग जोन में छोटे-छोटे व्यापारी फोल्डिंग चौकी लगाकर सामान बेच रहे हैं। जिसका व्यापारी चुंगी पैसा बिना रसीद दिए नगर परिषद के ठेकेदार को पैसे का भी भुगतान करते हैं। लोगों के द्वारा नगर परिषद के फरमान को धत्ता बताते हुए नो पार्किंग जोन में दुकान लगाकर नगर परिषद को चुनौती देने का काम किया जा रहा है। वही उनके दुकान लगाकर लगाने के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो जा रही है और सड़क जाम की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। हालांकि नो पार्किंग जोन में नगर परिषद के द्वारा चुंगी वसूली की बात स्वीकार किया गया है लेकिन चुंगी वसूली के बदले रसीद देने का प्रावधान है यह बताया गया है।






## नो पार्किंग स्थल पर किसी भी तरह का अतिक्रमण करना अवैध : ईओ जयपाल सिंह

इस मामले में नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह ने बताया कि नो पार्किंग जोन में किसी भी तरह का अतिक्रमण करना अवैध है। कोई अवैध रूप से नो पार्किंग स्थल पर दुकान लगाता है तो यह सरासर गलत है। समय समय पर नगर परिषद अतिक्रमण हटाने का कार्य करती है तो यह दुकानदार हटा देते हैं लेकिन फिर से दुकान लगा देते हैं। लोगो मे जागरूकता की कमी है। हम इसपर सख्त कार्रवाई करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में फेरीवाला युवक घायल, इलाजरत

**बसिया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर कोयल नदी पुल पर शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में हरियाणा का एक युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को बसिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त युवक प्रखंड के विभिन्न गांवों में घुमघुकर कुर्सी आदि बेचता था। उक्त फेरीवाला अज्ञात युवक शराब के नशे में तेज गति से बाइक चलाने के क्रम में आगे जा रही पिकअप वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया और वही पर गिर गया।

## वज्रपात से बच्चे की हुई मौत

**पालकोट।** थाना क्षेत्र के कुलूकेरा पंचायत के भंडारटोली गांव निवासी अंनत दीप कुल्लू (11) अपने घर समीप आम चुनने के दौरान शुक्रवार दोपहर आये तेज आंधी तूफान व बारिश के साथ वज्रपात होने से उसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस को मिलने पर गांव जाकर बच्चा को सीएचसी पालकोट में इलाज के लिए लाया गया।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित कामडारा थाना क्षेत्र के कोन्सा के समीप टेंपो से गिरने से कोन्सा निवासी लहरू केरकेट्टा (25) घायल हो गया। घायल को स्थानीय राहगीरों के सहयोग से सीएचसी कामडारा में भरती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

# 3.77 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



*गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभु कुमार सिंह के लाख कोशिश और प्रयासों के बावजूद नशे के गिरफ्त में आ गया है गुमला जिला*

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह को एक गुप्त सूचना मिली की गुमला नगर में दो ब्राउन शुगर तस्करों द्वारा जिला मुख्यालय में ब्राउन शुगर का पुड़िया बनाकर बेचा जा रहा हैं, उक्त सूचना मिलते ही जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में उन्होंने, एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, अवर निरीक्षक अंकित राज, रमाकांत प्रसाद, सुनील कुमार, और गुमला थाना के सशस्त्र बल चौहान को लेकर जैसे ही छाप हमारी दल गुमला प्रधान डाकघर के समक्ष पहुंचे और उक्त स्थान पर खड़े दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे।

जिन्हें पुलिस सशस्त्र बल के जवानों ने पकड़ा और पूछताछ करने के क्रम में एक युवक ने बताया कि गोपाल मंदिर आरा मशीन के पीछे रहता हूं और मेरा नाम अजय कुमार सिंह ( पिता - दरोगा सिंह ) दूसरे ने बताया कि मैं अमित नगर चेटर का रहने वाला हूं और मेरा नाम सचिन शर्मा ( पिता - भिखम शर्मा ) हैं हम लोग लातेहार गढ़वा से ब्राउन शुगर खरीद कर लाते हैं और पुड़िया बनाकर बेचते हैं तलाशी के क्रम में उनके पास से 3.77 ग्राम का पुड़िया बना ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसका मूल्य 40, 000 आंका गया हैं, बाद में उक्त दोनों ब्राउन शुगर धंधेबाजों को मीडिया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया है।

## गरीब मजदूरों की मेहनत और पसीने की कमाई पर ठेकेदारों का हो रहा है कब्जा



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों और ग्रामों में वैसे तो सरकार ने मजदूरों के हक और अधिकार के लिए विभिन्न कई कड़े कानून बनाए हैं। जो पूर्ण रूप से लागू भी है, लेकिन उक्त कानून को धत्ता बताते हुए गुमला ज़िले और पश्चिम बंगाल के बंगाली ठेकेदार मजदूरों की गाढ़ी कमाई पर सेंधमारी कर, उनके मजदूरी के पैसों पर कब्जा कर उक्त महिला पुरुष मजदूर को दो वक्त की रोटी के लिए तरसना पड़ रहा है। इसके अलावा गुमला जिले के कामडारा प्रखंड की जहां सरकार के कई योजना का कार्य चल रहा है, जिसमे सैकड़ों मजदूर काम भी कर रहे हैं लेकिन इन्हें सरकार के द्वार तय मजदूरी नहीं मिलती है, फिर भी ये मजदूर काम पर लगे रहते हैं। चूंकि इनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं है, अगर मजदूरी दर पर विरोध करते हैं तो ठेकेदार इन्हें काम से निकलने की धमकी देते हैं। ऐसे में बेचारे महिला पुरुष मजदूर करे भी तो क्या करें। काम नहीं करेगा तो घर का चूल्हा कैसे जलेगा? ये कैसी विडंबना है कि मजदूर सरकार के द्वारा चलाए जा है योजना में काम करने के बाद भी उन्हें सरकार के तय मजदूरी भी नहीं मिलती और ये हक से मांग भी नही सकते ।

## छापेमारी के बाद भी नहीं थम रहा है अवैध बालू का कारोबार

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट प्रखंड में विभिन्न जगहों पर बालू माफियाओं के द्वारा बालू का भंडारण किया जा रहा है। एक तरफ पालकोट थाना प्रभारी मो जंहागीर व जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा अवैध बालू का उठाव को लेकर कुछ दिन पहले नदियों में छापामारी कर अवैध बालू उठाव कर रहे टैक्टरों को पालकोट थाना में जब्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज किया गया था। लेकिन बालू माफियाओं के चथुराई से आज भी उक्त अवैध बालू का नदियों से उठाव किया जा रहा है और चोरी छुपे जंगलो में बालू संघनन करते हुए भंडारण किया जा रहा है। इधर एक ओर प्रखंड के पंचायतों के लाभुकों को पीएम आवास, अबुआ आवास आदि सरकारी योजनाओं के लिए बालू नहीं मिल रहा है और इधर बालू माफियाओं के द्वारा बालू को चोरी करते हुए छिपाकर मुंह मागां कीमतों में बालू को बिक्री किया जा रहा है जो प्रशासन का जांज का विषय है।

## पिता ने अपने पुत्र की गुमशुदगी का घाघरा थाना में दिया लिखित आवेदन

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के कोटामाटी ग्राम निवासी पिता मोहिद खान ने अपने नाबालिक पुत्र मोहम्मद कैफ खान की गुमशुदगी होने का घाघरा थाने में शुक्रवार को दिन के डेढ़ बजे लिखित आवेदन देकर पुलिस से खोजने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में मोहिद खान ने बताया कि उसका पुत्र मोहम्मद कैफ खान की उम्र 14 वर्ष है।वही गुरुवार को दिन के 6 बजे वह घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। जिसके बाद सगे संबंधी परिवार जनों के बीच भी पता किया गया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद आज घाघरा थाने में लिखित आवेदन देकर पुत्र की गुणसूदगी होने का लिखित आवेदन दिया है। वही पिता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन किन्हीं लोगो को उसका पुत्र दिखे ।तो इसकी सूचना थाना या अन्य लोगों को जरूर दे।ताकि उसका पुत्र मिल सके। साथ ही पिता ने यह भी बताया कि उसका पुत्र लगभग साढ़े 4 फीट का है। और ब्लू जींस और गुलाबी रंग का फूल शर्ट पहन कर घर से निकला है।

## जलछाजन के तहत सभी पाइपलाइन का कार्य को पूर्ण करें : बीडीओ

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में बीपीओ और सीएफटी परियोजना के कार्यकताओं के साथ जलछाजन से सम्बंधित बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बीपीओ तथा सीएफटी परियोजना के कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना के तहत संचालित जलछाजन का प्रखंड क्षेत्र के सभी छः पाइप लाइन का कार्य को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर गति प्रदान करते हुए आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया. कहा कि नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत लुजबोल्डर, टीसीबी और आम बागवानी का घरान के लिये ट्रेंच निर्माण का कार्य करना है। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि कार्य मे आदिवासी समुदाय का भागीदारी अधिक से अधिक संख्या में सुनिश्चित हो जिसे जलछाजन का कार्य होने से ग्रामीणों को पेयजल व सिंचाई के लिये पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो सके। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे विश्वनाथ कुम्हार,राहुल तिवारी,परमेन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## भंडरा में सड़क दुर्घटना में युवती की मौत दो घायल, रिम्स रेफर

**भंडरा ।** लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में भंडरा थाना क्षेत्र के भैया गांव के समीप गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई। मृतक की पहचान बगडू थाना क्षेत्र के तेतर टांड़ निवासी धनु उरांव की पुत्री सीता कुमारी (17 वर्ष) के रूप में हुई है। जबकि इस सड़क दुर्घटना में दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें बगडू थाना क्षेत्र के तेतर टांड़ निवासी जगमोहन उरांव के पुत्र अरविंद उरांव (15 वर्ष) व प्रताप भगत के पुत्र विशाल उरांव (17 वर्ष) शामिल है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल युवकों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा
(समाज कल्याण)
दूरभाष संख्या :-06526-295011 / फैक्स संख्या :-295011
email :- awc4.monitoring@gmail.com

### आम सूचना

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड राँची के पत्र संख्या-06/स्था0/स0क0नि0/1260, दिनांक-17.05.2024 द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आँगनवाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु निर्धारित आम सभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 | परियोजना का नाम | पंचायत का नाम | आँगनवाड़ी केन्द्र का नाम | पद का नाम | चयन की तिथि | आम सभा का स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भण्डरा | बड़ागाई | ख्वास खिजरी-2 | सेविका | 26.06.2024 | ख्वास खिजरी (तितरचुमा) तीनमुहानी चौक | 11:00 Am |
| 2 | भण्डरा | नरौली | चरिमा-1 | सहायिका | 26.06.2024 | सामुदायिक भवन चरिमा | 02:00 Pm |
| 3 | भण्डरा | भौंरो | सोरन्दा | सहायिका | 27.06.2024 | आँ0 केन्द्र सोरन्दा | 11:00 Am |
| 4 | भण्डरा | बड़ागाई | झारो चट्टी-1 | सहायिका | 27.06.2024 | सामुदायिक भवन झारो चट्टी | 02:00 Pm |
| 5 | भण्डरा | गजनी | गाराडीह-1 | सेविका | 28.06.2024 | आँ0 केन्द्र गाराडीह | 11:00 Am |
| 6 | भण्डरा | नरौली | नगजुआ टीकरा टोली | सहायिका | 29.06.2024 | आँ0 केन्द्र नगजुआ टीकरा टोली | 11:00 Am |
| 7 | कुडू | जीमा | चण्डू | सहायिका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र चण्डू | 10:30 Am |
| 8 | कुडू | जीमा | चण्डू चाँदनी चौक | सहायिका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र चण्डू चाँदनी चौक | 12:30 Pm |
| 9 | कुडू | चीरी | कड़ाक फंगाटोली | सेविका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र कड़ाक फंगाटोली | 02:30 Pm |
| 10 | कुडू | जिंगी | जिंगी-2 | सहायिका | 26.06.2024 | आँ0 केन्द्र जिंगी-2 | 10:00 Am |
| 11 | कुडू | कैरो | कैरो-2 | सहायिका | 26.06.2024 | आँ0 केन्द्र कैरो-2 | 12:30 Pm |
| 12 | कुडू | कोलसिमरी | कोलसिमरी-2 | सहायिका | 26.06.2024 | आँ0 केन्द्र कोलसिमरी-2 | 02:30 Pm |
| 13 | कुडू | ककरगढ़ | लापुर-1 | सहायिका | 27.06.2024 | आँ0 केन्द्र लापुर-1 | 09:00 Am |
| 14 | कुडू | ककरगढ़ | फुलसूरी | सेविका | 27.06.2024 | आँ0 केन्द्र फुलसूरी | 11:00 Am |
| 15 | कुडू | ककरगढ़ | ककरगढ़-1 | सेविका | 27.06.2024 | आँ0 केन्द्र ककरगढ़-1 | 01:00 Pm |
| 16 | कुडू | उड़ूमुडू | बड़मारा | सेविका | 28.06.2024 | आँ0 केन्द बड़मारा | 11:00 Am |
| 17 | कुडू | ककरगढ़ | चडरा | सेविका | 28.06.2024 | आँ0 केन्द चडरा | 01:00 Pm |
| 18 | कुडू | बड़कीचाँपी | कुन्दगढ़ा | सहायिका | 29.06.2024 | आँ0 केन्द कुन्दगढ़ा | 10:00 Am |
| 19 | लोहरदगा सदर | रामपुर | रामपुर रूगड़ी टोली | सहायिका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र रामपुर रूगड़ी टोली | 11:00 Am |
| 20 | लोहरदगा सदर | भटखिजरी | भटखिजरी | सहायिका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र भटखिजरी | 02:00 Pm |
| 21 | सेन्हा | सेन्हा | सेन्हा उराँव टोली | सेविका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र सेन्हा उराँव टोली | 11:00 Am |
| 22 | सेन्हा | सेन्हा | सेन्हा उराँव टोली | सहायिका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र सेन्हा उराँव टोली | 11:00 Am |
| 23 | सेन्हा | बदला | बदला महादेव टोली | सहायिका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र बदला महादेव टोली | 02:00 Pm |
| 24 | सेन्हा | हेसाग | गढ़कसमार | सेविका | 26.06.2024 | पंचायत भवन हेसाग | 11:00 Am |
| 25 | सेन्हा | तुईमू | जुड़नी | सहायिका | 27.06.2024 | आँ0 केन्द्र जुड़नी | 11:00 Am |
| 26 | सेन्हा | उगरा | मुरपा खास | सहायिका | 28.06.2024 | सामुदायिक भवन मुरपा खास | 11:00 Am |
| 27 | सेन्हा | झालजमीरा | दतरी | सहायिका | 29.06.2024 | आँ0 केन्द्र दतरी | 11:00 Am |
| 28 | किस्को | पेशरार | दुग्गू | सेविका | 25.06.2024 | आँ0 केन्द्र दुग्गू | 11:00 Am |
| 29 | किस्को | बेटहठ | पतगच्छा | सेविका | 27.06.2024 | आँ0 केन्द्र पतगच्छा | 11:00 Am |
| 30 | किस्को | आरेया | निरहू-2 | सेविका | 28.06.2024 | आँ0 केन्द्र निरहू-2 | 11:00 Am |
| 31 | किस्को | सीरम | बारियातु | सेविका | 29.06.2024 | आँ0 केन्द्र बारियातु | 11:00 Am |
| 32 | किस्को | बेटहठ | बेटहठ | सहायिका | 26.06.2024 | आँ0 केन्द्र बेटहठ | 10:30 Am |
| 33 | किस्को | बेटहठ | आनन्दपुर | सहायिका | 26.06.2024 | आँ0 केन्द्र आनन्दपुर | 01:00 Pm |

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा।
PR.NO.325302 Lohardaga(24-25):D



## व्यवहार न्यायालय, पलामू, (डालटनगंज)

### सूचना

आदेशानुसार व्यवहार न्यायालय, पलामू, (डालटनगंज) में साफ-सफाई हेतु दो स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवा बाह्य स्रोत से Reputed Outsourcing Empanelled Agency जो पलामू जिला के लिए Empanelled हो, के माध्यम से लिया जाना है। इस कार्य के लिए इच्छुक एजेन्सी दिनांक 18.06.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक Quotation के साथ अपना आवेदन निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू, डालटनगंज के कार्यालय में जमा करें। उपरोक्त आवेदन निश्चित तिथि तक निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू के ई-मेल आई0डी0- aregi. palamaujudgeship@gmail.com पर भी भेजा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर पलामू में स्थित निबंधक कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

निबंधक,
व्यवहार न्यायालय, पलामू, डालटनगंज।

PR.NO.325305 District(24-25):D



## e- Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### Notice Inviting Tender
(Very Short Notice)
ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-01BCD/DALTONGANJ,DIV/2024-25 Date:-07-06-2024

| क्रम0 संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| I. | Construction of Boundary Wall with Concertina coil Fencing at west side of ChiyankiAirportDaltonganj,Palamu. | रू0 98,02,900.00 | 06 महीने |
| II. | Construction of 2'0"x 2'0" Size of Brick Drain with Cover at Chiyanki Airport (west side )Dist-Palamu. | रू0 65,26,900.00 | 06 महीने |
| III. | Construction of Public Library Building at Chainpur , Palamu. | रू0 96,30,100.00 | 09महीने |
| IV. | Construction of Public Library Building at Chhaterpur , Palamu. | रू0 96,30,100.00 | 09महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12-06-2024 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 15-06-2024 को अपराह्न 3.00बजे | |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 18-06-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 4 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer Building Construction Department Building Division, Daltonganj | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| 6 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन किया जा सकता है।
- परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
- निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई-शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR 325464 Building(24-25)D



## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)

### सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आमसभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :-

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र मेंबाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रंका | रमकण्डा | दोहा | SC | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 2 | रंका | रमकण्डा | बलिगढ़ | ST | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 3 | रंका | रमकण्डा | रमकण्डा-3 | MIN | सेविका | मंगलवार 25.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 4 | रंका | रमकण्डा | कसमार | ST | सेविका | मंगलवार 25.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 5 | रंका | रमकण्डा | पटसर | ST | सहायिका | बुधवार 26.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 6 | रंका | रमकण्डा | सुली | ST | सेविका | बुधवार 26.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 7 | रंका | रमकण्डा | कुटी | SC | सहायिका | गुरूवार 27.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 8 | रंका | रमकण्डा | उदयपुर-1 | SC | सहायिका | गुरूवार 27.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 9 | रंका | रमकण्डा | बेलवादामर | SC | सहायिका | शुक्रवार 28.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 10 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | SC | सहायिका | शुक्रवार 28.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 11 | रंका | रमकण्डा | गोबरदाहा खरवारटोला | ST | सहायिका | शनिवार 29.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 12 | रंका | चिनियॉ | हेताड़ कला | ST | सहायिका | शनिवार 29.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 13 | रंका | चिनियॉ | बरवाडीह | ST | सहायिका | सोमवार 01.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 14 | रंका | चिनियॉ | छतैलिया | ST | सहायिका | सोमवार 01.07.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 15 | रंका | चिनियॉ | रणपुरा | SC | सहायिका | मंगलवार 02.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 16 | रंका | चिनियॉ | रानीचेरी | ST | सहायिका | मंगलवार 02.07.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 17 | रंका | रंका | गासेदाग-2 | SC | सहायिका | बुधवार 03.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 18 | रंका | रंका | मझिगॉवा-1 | OBC | सेविका | बुधवार 03.07.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 19 | रंका | रंका | खूर्रा | ST | सहायिका | गुरूवार 04.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 20 | रंका | रंका | मानपुर-1 | MIN | सहायिका | गुरूवार 04.07.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 21 | रंका | रंका | खपरो-1 | MIN | सेविका | शुक्रवार 05.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 22 | रंका | रंका | सोनपुरवा | OBC | सेविका | शुक्रवार 05.07.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 23 | रंका | रंका | गौरगड़ा | OBC | सेविका | शनिवार 06.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 24 | रंका | रंका | अनहर | SC | सेविका | शनिवार 06.07.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 25 | रंका | रंका | अनहर | SC | सहायिका | सोमवार 08.07.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 26 | मेराल | डंडई | बैलाझाखड़ा | OBC2 | सेविका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 27 | मेराल | डंडई | बिचलाटोलारारो | OBC2 | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 28 | मेराल | डंडई | सोनेहारादक्षिण | OBC2 | सहायिका | मंगलवार 25.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 29 | मेराल | मेराल | हासनदागपश्चिमटोला | OBC1 | सहायिका | मंगलवार 25.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 30 | नगरउंटारी | रमना | गिद्धि सिद्धि | BC1 | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 31 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | दबगरमुहल्लाचेचरिया | BC1 | सेविका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 32 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | सुलसुलिया | GEN | सहायिका | मंगलवार 25.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 33 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | मध्य विद्यालय चेचरिया | BC2 | सेविका | मंगलवार 25.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 34 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | मध्य विद्यालय चेचरिया | BC2 | सहायिका | बुधवार 26.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 35 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | उरॉवटोलाजंगीपूर | ST | सहायिका | बुधवार 26.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 36 | धुरकी | धुरकी | गनियारी खूर्द | ST | सेविका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 37 | धुरकी | धुरकी | परासपानी खूर्द | ST | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 38 | धुरकी | धुरकी | परासपानीबैगाटोला | ST | सेविका | मंगलवार 25.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 39 | धुरकी | धुरकी | कदवापूर्व | SC | सेविका | मंगलवार 25.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 40 | काण्डी | काण्डी | बनकट | OBC | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 41 | काण्डी | काण्डी | गाड़ा खूर्द | GEN | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 42 | भवनाथपुर | केतार | केतारउतरी | SC | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 43 | भवनाथपुर | खरौंधी | निमियाटोलाअमरोरा | SC | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 44 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | झुमरीलहराहा | SC | सहायिका | मंगलवार 25.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 45 | भण्डरिया | बड़गड़ | बड़गड़ | OBC | सेविका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 46 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो | ST | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 47 | भण्डरिया | भण्डरिया | करूण पूर्व | ST | सेविका | मंगलवार 25.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 48 | भण्डरिया | भण्डरिया | करूण पूर्व | ST | सहायिका | मंगलवार 25.06.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 49 | गढ़वा | गढ़वा | चेरिपोखर | OBC | सहायिका | सोमवार 24.06.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 325324 Welfare (24-25)_D

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, मौत



**चंदवा।** रांची- चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित टोरी रेलवे फाटक के समीप शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात ट्रक ने वृद्ध को रौंद डाला जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वृद्ध को चपेट में लेने के बाद ट्रक बड़ी तेजी से बालूमाथ की ओर भाग निकला। भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगो ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। सूचना के बाद चंदवा पुलिस एम्बुलेंस के साथ घटना स्थल के लिए निकली, लेकिन एम्बुलेंस व पुलिस वैन टोरी रेलवे फाटक बंद होने के कारण लगे जाम में फंस गई। इस दौरान लगभग आधे घण्टे तक वृद्ध का शव एनएच पर ही पड़ा रहा। फाटक के खुलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक वृद्ध की शिनाख्त नही हो पाई थी। स्थानीय लोगो ने बताया कि वृद्ध रेलवे फाटक के आसपास भिक्षा मांग कर जीवकोपार्जन किया करती थी।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल

**चंदवा।** रांची-डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के नवाड़ी के समीप अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी जिसमे स्कूटी सवार दिलीप गंझू और उनकी पत्नी सुनीता देवी (हिसरी, चंदवा) घायल हो गए तभी लातेहार से लौट रहे समाजसेवी रामानंद पांडेय की नजर सड़क पर पड़े घायल पति-पत्नी पर पड़ी। उन्होंने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया जहां डॉ नीलिमा ने इनका प्राथमिक उपचार किया।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में नामजद सभी आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म मामले में बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल द्वारा सामूहिक दुष्कर्म मामले में सभी आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुई छापामारी दल द्वारा गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। इस संबंधमें छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि थाना में सामूहिक दुष्कर्म की कांड संख्या 12/24 दिनांक 5.6. 24 पीड़िता द्वारा दर्ज कराया गया था।

दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह द्वारा गठित छापामारी दल द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी राजेश भुइंया व सुनील सिंह,सनोज सिंह सभी ग्राम गाड़ी थाना छिपादोहर के निवासी एवम छोटू सिंह बरियातू थाना लातेहार के निवासी हैं।

सभी अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने के बाद मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी राजेश भुइंया पीड़िता महिला का देवर के इशारे पर सामूहिक दुष्कर्म कीघटना को अंजाम दिया गया था । घटना के संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि पीड़िता महिला के पति बाहर कमाने गया हुआ था । इसी बीच 3 जून दोपहर 12 बजे पीड़िता अपने घर पर अकेले थी। इसी का फायदा उठाकर उसका चचेरा देवर राजेश भुइंया समेत अन्य तीन आरोपी पानी मांगने के बहाने उसके घर में घुस कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पुलिस का द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार सभी आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया है। वही इस छापामारी दल में एसडीपीओ,थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह,राजेश कुमार सअनि समेत छिपादोर थाना पुलिस के जवान शमिल थे।

### बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

गिद्धौर(चतरा)। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित कर्मियों से 15 वें वित्त योजना, अबुआ आवास योजना, अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने उपस्थित कर्मियों को सभी आवास का स्थल निरीक्षण कर आवास लाभुकों का दूसरी किस्त की राशि जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिव, प्रियंका प्रिया, आवास कोऑर्डिनेटर फरहत नाजनी, 15 वें वित्त के शेखर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लातेहार।** डीएलएसए सचिव शिवम कुमार चौरसिया लातेहार के निर्देशानुसार महुआडांड़ पीएलभी इन्द्रनाथ प्रसाद के द्वारा महुआडांड़ मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक के समीप पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# कार ने टेंपो में मारी जोरदार टक्कर पांच मजदूर महिलाएं घायल

## महिलाएं काम करने के लिए लातेहार जा रही थीं

### पास में सिटी हॉस्पिटल होने के बावजूद भी घायलों को नहीं मिली एंबुलेंस



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय के समीप सिटी हॉस्पिटल के पास शुक्रवार की सुबह तकरीबन 9:30 बजे विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने टेम्पू पर टक्कर मार दी जिससे टेंपो पर सवार पांच महिलाएं घायल हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही लातेहार पुलिस और भाजपा नेता अनिल सिंह, पवन कुमार, संत गुप्ता, राजदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे। मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया।घायलों में तेत्री देवी (उम्र 35 वर्ष) पति बीरेंद्र भगत, सुरजमनी देवी (उम्र 25 वर्ष) , पति विजय भगत, किरण कुमारी (उम्र 20 वर्ष) पिता सीताराम उरांव, कालेश्वरी देवी (उम्र 32 वर्ष) पति प्रेम उरांव, सुमित्रा देवी (उम्र 45 वर्ष) पति स्व0 देवराज लोहरा शामिल है।सभी लातेहार सदर प्रखंड के पेशरार पंचायत के कुलगड़ा ग्राम के रहने वाले हैं। हर दिन की तरह आज भी मजदूरी करने के लिए लातेहार आ रही थी की इसी बीच सिटी हॉस्पिटल के पास यह घटना घटित हो गई वही टैम्पू चालक बुद्धेश्वर यादव को भी हल्की चोटें आई है।

**शपथ पत्र**

**समक्ष कार्यपालक दंडाधिकारी मेदिनीनगर पलामू।**

मैं अजय कुमार गुप्ता पिता राजेंद्र प्रसाद निवासी कुंड मुहल्ला हमीदिया स्कूल रोड वार्ड नंबर 07, पोस्ट थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू झारखंड शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि :- 1. यह कि मैं उक्त नाम व पते का निवासी हूँ। 2. यह कि पी. एन. बी. के पासबुक सं- 0107000190999957 में मेरा नाम अजय कुमार प्रसाद दर्ज है जबकि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम अजय कुमार गुप्ता है ये दोनों नाम मेरा ही है एवं मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। 3. यह कि इस नाम व पते का मेरे मुहल्ला में दूसरा व्यक्ति नहीं रहता है। 4. यह कि यह शपथ पत्र में अपना दोनों नाम होने के सत्यापन हेतू कर रहा हूँ।

**अजय कुमार गुप्ता**
**शपथ कर्ता**

मैं शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि इस शपथ पत्र पर लिखी गई बातें सही है।

# पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त लाखों का हुआ नुकसान





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत के समीप कोने ग्राम में बीते शाम अचानक जोरदार आंधी और तूफान आ गई । तुफान से कई पेड़ टुटकर घरो में जा गीरे जीससे कई लोगों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही कुछ लोगों को हल्की चोट भी लगी है। इसकी जानकारी जैसे ही मुखिया को मिली तो मुखिया पति जुलेश्वर लोहरा तुरंत मौके पर पहुंचे और परिस्थिति का जायजा लिया साथ ही साथ हर संभव मदद करने की बात कही। कुछ लोगों को आर्थिक मदद किया । वही भुकत भोगी कुसुम दयाल नायक, गुलाब सिंह, संतोष भेंगरा ने बताया कि आंधी तूफान इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते घर के पास स्थित महुआ का पेड़ अचानक घर में जा गिरा। कैसे तो हम लोग दूसरे तरफ थे नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। वही कुछ लोगों को हल्की चोट लगी है और घर में रखे खाने पीने के सामग्री भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। इसमें लगभग हम लोगों का 50 हजार का नुकसान हुआ है । आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

# प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा नेता राजधानी प्रसाद यादव लेंगे भाग



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं, यह गौरव की बात है : राजधानी प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह लोकसभा संयोजक राजधनी प्रसाद यादव भाग लेगें ।दूरभाष पर बात करने के दौरान श्री यादव ने बताया कि प्रदेश व केंद्रीय भाजपा कार्यालय से उन्हें दूरभाष पर इसका न्यौता दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे आठ जून को हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना होगें। नौ जून की संध्या पांच बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। यह भाजपा और एनडीए के लिए गौरव की बात है ।प्रधानमंत्री इस कार्यकाल में अपने अधूरे कार्यों को पूरा करेगें। देश की जनता उनके साथ है।

## कार्यालयः जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

### किसानों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–12 दिनांक–17.05.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25 में किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला में निम्नांकित रूप से राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हेतू अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक–25.06.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे०/इकाई/संख्या में)

| क्र० | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य (हे०/ईकाई) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Dragon Fruit (Kamalam) - Integrated package with drip irrigation and trellis (in ha) | 3 |
| 2 | Dragon Fruit (Kamalam)- Without integration (in ha) | 1 |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) (in ha) | 5 |
| 4 | Strawberry - Without integration (in ha) | 1 |
| 5 | Banana TC (Int package with drip irrigation) (in ha) | 5 |
| 6 | Banana TC - Without integration (in ha) | 1 |
| 7 | Papaya (Int. package with drip irrigation) (in ha) | 5 |
| 8 | Papaya -without integration (in ha) | 1 |
| 9 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) | 30 |
| 10 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) | 8 |
| 11 | Sapota (Rs.45400/ha) | 5 |
| 12 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) | 10 |
| 13 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) | 5 |
| 14 | Aonla (Rs.40008/ha) | 2 |
| 15 | Bael (Rs.48400/ha) | 2 |
| 16 | Litchi (Rs.28000/ha) | 2 |
| 17 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) | 1 |
| 18 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) | 60 |
| 19 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) | 15 |
| 20 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) | 15 |
| 21 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) | 20 |
| 22 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs.30,000/ha) | 30 |
| 23 | Creation of Water resource-Community tanks/on farm pond/on farm water reservoirs with use of plastic/RCC lining (in Nos) | 0.515 |
| 24 | Creation of Water resource-Water harvesting system for individuals-for storage of water (in Nos) | 5 |
| 25 | Green House. N.V.S Tubular structure (in Sqm) | 1000 |
| 26 | Plastic Mulching (in Sqm) | 100 |
| 27 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 5000 |
| 28 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 15000 |
| 29 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 2000 |
| 30 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 2000 |
| 31 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 2000 |
| 32 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production - HDPE Vermibed | 30 |
| 33 | Pack house/ on farm collection & storage unit (in Nos) | 15 |
| 34 | PHM- Eveporative/low energy cool chamber (8MT) (in Nos) | 2 |
| 35 | PHM-Low cost onion storage structure (25MT) (in Nos) | 6 |
| 36 | Training of farmers- Within the State (in Nos) | 350 |
| 37 | Training of farmers- Outside the state (in Nos) | 50 |
| 38 | Exposure visit of farmers- Outside the state (in Nos) | 50 |
| 39 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber (in Nos) | 2 |

नोट :–
1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लाभुकों/कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवं सीमांत कृषक को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लातेहार

PR 325329 Agriculture (24-25)_D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला
### विज्ञापन संख्या– DLSA/01/2024

1. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के पत्रांक संख्या–1575 दिनांक–24.05.2024 के आलोक में लीगल ऐड डिफेन्स काउंसिल **(LADC)** गुमला (जिला विधिक सेवा प्राधिकारण गुमला) मे पूर्णतः संविदात्मक (Purely Contractual) रूप से कार्यालय लिपिक/ रिशेप्सनिश्ट/ डाटा इंट्री ऑपरेटर और अनुसेवक /मुंशी /परिचारक के पदों सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों पर नियुक्ति प्रारंभिक रूप से एक वर्श के लिए की जायेगी तथा सक्ष्म प्राधिकारी के पर्यवेक्षण में संतोशजनक सेवा के आधार पर अगले एक वर्श के लिए सेवा विस्तार किया जा सकेगा।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित हैः–
   1. कार्यालय लिपिक / रिशेप्सनिश्ट / डाटा इंट्री ऑपरेटर – पदों की संख्या :– 01
   2. कार्यालय अनुसेवक /मुंशी /परिचारक :– पदों की संख्या :– 01
3. शैक्षणिक योग्यता उवं मानदयः– पदो के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय निम्न प्रकार हैंः–

| क्रम संख्या | पदनाम | मसिक मानदेय | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यलय लिपिक/ सह–रिसेष्पनिस्ट–सह–डेटा एंट्री ऑपरेटर | 15,000/–प्रतिमाह(न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेषो का पालन किया जायेंगा।) | 1. स्नातक उत्तीर्ण 2. कम्प्यूटर में दक्षता (Diploma/ Advance Diploma/Post Graduate Diploma in Computer Applicationas) 3.हिन्दी एवं अंग्रजी टाईपिंग 4.डाटा इंट्री ज्ञान |
| 2. | कार्यलय अनुसेवक (मुंषी /परिचारक | 10,000/–प्रतिमाह(न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेषो का पालन किया जायेंगा।) | मैट्रिकुलेषन या उसके समकक्ष |

4. उम्मीदार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफता न हो।
5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 05.06.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछडी/ अत्यंत पिछडी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलओं के लिए 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (पुरूष/ महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होना चाहिए।
6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ आवश्य संलग्न करें।
7. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र देवनागरी लिपि में श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुमला को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधेहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से कार्यालय अवधि क दौरान सुबह 7.00 बजे से अपराहन 1.00 बजे तक निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.6.2024 हैं। अंतिम तिथि पर आवेदन आपराहन 1.00 बजे तक निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथ स्वीकार कियें जायेगे। उपरोक्त तिथि और समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नही कियें जायेंगे।
9. महत्वपूर्ण निर्देशः–
(क) आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, गुमला की वेबसाईट http://districts.ecourts.gov.in/gumla से भी डाउनलोड किया जा सकता हैं।
(ख) आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना आनिवार्य होगा।
(ग) उपरोक्त वांछित सूचनायें किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न नही रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संम्बधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
(घ) उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप में प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानतें हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।
(ड) लिफाफे के उपर विज्ञांपन संख्या एवं आवेदित पद का नाम बडे–बडे साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक हैं।
(च) वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निस्तीकरण का अधिकार अधेहस्ताक्षरी के पास जाना आवश्यक हैं।
(छ) परीक्षा/ साक्षत्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
(ज) वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रॉची के निर्देशानुसार अघोहस्तक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
(ज) आवेदन भेजने का पता (स्पीड पोस्ट)
सेवा
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

ह0/–
अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

PR 325296 Law(24-25)D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
### (समाज कल्याण शाखा)
–::आम सूचना::–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला में रिक्त सेविका/सहायिका के पद के विरुद्ध आमसभा के माध्यम से चयन हेतु निम्नानुसार तिथि एवं समय निर्धारित की जाती है–

| क0 | केन्द्र का नाम | पदनाम | जाति बाहुल्यता | समय/तिथि | आमसभा का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| **परियोजना–ईटखोरी** | | | | | |
| 1 | उडसी | सेविका | पिछड़ी | 25.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| **परियोजना–टण्डवा** | | | | | |
| 1 | गाडीलौंग | सहायिका | पिछड़ी | 26.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 2 | खदैया 1 | सहायिका | अनु0 जाति | 27.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| **परियोजना–प्रतापपुर** | | | | | |
| 1 | निमाकातु | सेविका/ सहायिका | मुस्लिम | 25.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 2 | सलखुआ | सेविका | अनु0 जाति | 25.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 3 | अनन्तपुर | सेविका | अनु0 जाति | 26.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 4 | महुगाई 1 | सहायिका | अनु0 जाति | 26.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 5 | हिन्दियाकला | सहायिका | अनु0 जनजाति | 27.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 6 | कुन्दा | सहायिका | पिछड़ी | 27.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 7 | खपिया | सहायिका | पिछड़ी | 28.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 8 | मेदवाडीह | सहायिका | पिछड़ी | 28.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 9 | चातर | सहायिका | अनु0 जाति | 29.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 10 | जोगीयारा | सहायिका | अनु0 जाति | 29.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| **परियोजना–चतरा ग्रामीण** | | | | | |
| 1 | सीमा | सेविका | पिछड़ी | 26.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 2 | नगवां दक्षिणी | सेविका | पिछड़ी | 26.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 3 | नाई टोला | सेविका | पिछड़ी | 27.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 4 | बरैनी | सेविका | पिछड़ी | 27.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 5 | तुराग | सेविका | अनु0 जाति | 28.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 6 | लेम1 | सेविका | पिछड़ी | 28.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| **परियोजना–सिमरिया** | | | | | |
| 1 | रामपुर | सेविका | पिछड़ी जाति | 25.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 2 | एदला–3 | सेविका | पिछड़ी जाति | 26.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 3 | नवादा | सहायिका | अनु0 जाति | 26.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| **परियोजना–हण्टरगंज** | | | | | |
| 1 | डटमी | सेविका | पिछड़ी जाति | 26.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 2 | निमियांटांड | सेविका | अनु0 जाति | 26.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 3 | तिलहेत | सेविका | अनु0 जाति | 27.06.2024/ 11:00 पूर्वा0 | आं0 केन्द्र भवन |
| 4 | जोरी दुसाध टोली | सहायिका | पिछड़ी जाति | 27.06.2024/ 02:00 अप0 | आं0 केन्द्र भवन |

सेविका/सहायिका का चयन विभागीय संकल्प सं0–2239 दिनांक–30.09.2022 में निहित निदेश के आलोक में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं के चयन के लिए निम्नांकित अर्हतायें निर्धारित है–
1.आगनबाड़ी सेविका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण है एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
2.आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका की उम्र न्यूनतम 18 वर्श तथा अधिकतम 35 वर्श होगी।
3.आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संबंधित केन्द्र के पोशक क्षेत्र अन्तर्गत की स्थायी निवासी (बहू) होनी चाहिए। कुवांरी लड़कियों का चयन इस पद के लिए नहीं किया जाएगा। अपवाद में वैसी कुंवारी लड़की का चयन हो सकती है जो दिव्यांग हो परन्तु कार्य करने योग्य हो।
4.समान योग्यता रहने पर चयन में विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आमसभा में सभी योग्य आवेदिका अपना सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी के साथ उपस्थित होंगी एवं आवेदन के साथ उक्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगी।

सभी आससभा के आयोजन संबंधी विडियोग्राफी कराने का सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की होगी।

आमसभा के समापन उपरान्त संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उसी तिथि को पूर्ण प्रस्ताव (विडियोग्राफी के साफ्ट कॉपी के साथ) तैयार कर अनुमोदन हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। विलम्ब से प्रस्तुत प्रस्ताव में विवाद होने की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की होगी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रस्ताव प्राप्त कर आवश्यक जॉचोपरान्त दो दिनों के अन्दर प्राप्त प्रस्ताव पर अनुमोदन हेतु उप विकास आयुक्त, चतरा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

उप विकास आयुक्त,चतरा।

PR 325328 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)D

### डीसी ने की राजस्व, निबंधन समेत कई विभागों की समीक्षा

# लंबित मामलों को तेजी से निपटाएं अधिकारी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** बोकारो की डीसी विजया जाधव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में राजस्व, निबंधन, भूमि सुधार समेत कई विभागों की समीक्षा बैठक की. उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों को तेजी से निबटाने का निर्देश दिया. राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने ई-कोर्ट की अद्यतन स्थिति, दाखिल खारिज, लगान की वसूली, अवैध जमाबंदी, दाखिल खारिज, जमीन की मापी की स्थिति, भूमिहीन की बंदोबस्ती, आवास निर्माण, एनएचएआई से सबंधित भूमि आवंटन आदि की स्थिति की जानकारी ली. लंबित वादों को सुलझाने और प्रभावित पक्षों को समय पर न्याय दिलाने के लिए मामलों को निपटाने में तेजी लाने पर जोर दिया. समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सभी अंचलाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### पूर्व एसएसपी व डीएसपी के खिलाफ ऑनलाइन प्राथमिकी, अरूप ने कहा

## सड़क दुर्घटना में सिख पंथ के कविशर जसबीर सिंह मत्तेवाल समेत तीन की मौत



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर के पास शुक्रवार को खागा नामक स्थान पर भीषण सड़क दुर्घटना में जमशेदपुर के जानेमाने कविशर जसबीर सिंह मत्तेवाल समेत तीन लोगों की मौत हो गई. मृतकों में उनके दामाद हरचरण सिंह और उनके साथी तरसिका गांव निवासी गुरप्रीत सिंह शामिल हैं. घटना सुबह करीब 11 बजे की बतायी जाती है. वह अपनी कार (जेएच05सीएल झ 2674) से कोलकाता में आयोजित शहीदी दिहाड़े के एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. बताया जाता है कि घटना के 15-20 मिनट पूर्व ही जसबीर मत्तेवाल की शहर के गुरचरण सिंह बिल्ला से बात हुई थी. जब यह घटना हुई तो वहां की पुलिस ने उन्हें ही यह दुःखद सूचना दी. सूचना मिलते ही कविशर जसबीर मत्तेवाल को चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ पड़ी. उनके टिनप्लेट 10 नंबर बस्ती स्थित पूर्व के आवास से लेकर पूरे शहर में मातम पसर गया. बिल्ला अविलंब घटनास्थल के लिए रवाना हो गए. नेशनल हाईवे पर मत्तेवाल का बेटा था. उसे भी बुलाया गया और उससे बातों को छुपाते हुए बिल्ला निकल गए।

## सुरुंगा में दूसरे दिन भी पुलिसे ने की छापामारी अवैध खनन वाले मुहानों की हुई भराई



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सुरुंगा में दूसरे दिन शुक्रवार को भी सीआईएसएफ व पुलिस की छापामारी जारी रही. इस दौरान बीसीसीएल के अधिकारियों, सीआईएसएफ व अलकडीहा पुलिस की मौजूदगी में अवैध उत्खनन स्थल की भराई कराई गई. कोयला तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई होने से तस्कर और कोयला चोर कहीं नहीं दिखे. तस्करों मे हड़कंप मचा है. बताया गया कि सुरुंगा में अवैध कोयला उत्खनन की सूचना किसी ने जिला खनन पदाधिकारी बीबी प्रमाणिक को दी थी. उसी के आधार पर गुरुवार को भी छापामारी की गई थी. लेकिन कोयला चोर और तस्कर भाग खड़े हुए थे. गुरुवार को दो मुहनों की, जबकि शुक्रवार को एक मुहाने की भराई कराई गई. ज्ञात हो कि जिनागोड़ा लाइन के पास सेठ कोठी और गुड़गुड़िया स्थानों पर भी अवैध उत्खनन जारी है।

### शिलाडीह आरईओ सड़क की हालत नारकीय

## हल्की बारिश में सड़क बन जाती है तालाब



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के महत्वपूर्ण शिलाडीह - बनवारी आरईओ सड़क इन दिनों हादसों को आमंत्रित कर रहा है। सड़क में खतरों से खेलते हुए वाहन चालक सवारी को लेकर चलते हैं। बारिश में सड़क की हालत नारकीय हो जाती है। यह शिलाडीह पंचायत का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर करीब हजारों लोग प्रति दिन आवागमन करते हैं। बरसात आते ही सड़क तालाब व कीचड़ में तब्दील हो जाती है । स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क करीब 30 वर्ष पहले आरईओ विभाग से पक्की सड़क बनी थी । परन्तु कालखंड में आजतक इसकी मरम्मत नहीं होने से बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। जबकि प्रखंड के लगभग सभी सड़को का मरम्मती व सुदृढ़ीकरण किया गया लेकिन इस ग्रामीण पथ के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है । यह पथ प्रशासनिक महकमा और जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये का दंश झेल रहा है ।वहीं लोंगो ने सड़क किनारे चाहरदिवारी और अतिक्रमण करने के कारण पानी निकासी को पुरी तरह से अवरुद्ध कर रखा है। सड़क किनारे नाली नहीं होने से घरों का पानी भी सड़क पर ही बहता रहता है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की मरम्मत नहीं होने और जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से अब यह कच्ची सड़क के रूप में तब्दील हो गई है। सड़क में दर्जनों बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं।जिससे सड़क की सूरत ही बिगड़ गई है।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

**बिरनी/ गिरीडीह।** बिरनी थाना अंतर्गत राजमनिया गांव के निवासी बांधो साव के 42 वर्षीय पुत्र प्रकाश साव का निधन हृदय गति रुकने से मौत हो गई। शुक्रवार पार्थिव शरीर राजमनिया गांव पहुंचने की सूचना पाकर बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो उनके निवास स्थान राजमानिया पहुंचकर अंतिम क्रिया में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर गहरा दुख जताते हुए परिजनों का हिम्मत बंधाया. साथ ही तत्काल पूर्व विधायक ने श्रम अधीक्षक गिरिडीह से फोन से वार्ता कर श्रम विभाग की ओर से प्रक्रिया के तहत मिलने वाले मुआवजा राशी देने की बात कही. साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया.

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

अल्टीमा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा॰लि॰, मकान संख्या–351 'ए', रोड नं॰–5, अशोक नगर, राँची–834002 को पुनः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि "शंख–चतरा (लुकैया मोड़) पथ (लं॰–21.35 कि॰मी॰ = 21350 मीटर) का आई॰आर॰क्यू॰पी॰ कार्य" (एकरारनामा संख्या – एस॰बी॰डी॰ 06/2022–23) के कार्य पूर्णता की वास्तविक तिथि 31.03.2023 निर्धारित थी। इस प्रकार कार्य पूर्णता की वास्तविक तिथि से लगभग 01 (एक) वर्ष 02 (दो) माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 40% पर ही स्थिर है। कार्य पूर्ण करने हेतु आपको पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से अनेकों स्मार निर्गत किये गए, परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण आम जनों में काफी रोष है तथा सुगम यातायात बाधित हो रही है। साथ ही, सरकार की इस महत्त्वपूर्ण योजना का लाभ ससमय धरातल पर उपलब्ध नहीं होने के कारण आम जनों को इसका लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आपके निबंधन को काली सूची/डिबार एवं एकरारनामा विखण्डन की अनुशंसा विभाग से की जा रही है। आपके द्वारा अब तक कराये गए कार्य की अद्यतन अन्तिम मापी इस माह के अन्त में ली जाएगी जिसकी सूचना आपको अलग से प्रमण्डलीय पत्र के माध्यम से दी जाएगी। अन्तिम मापी के पश्चात् एस॰बी॰डी॰ एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

ह॰/–
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 325427 Lohardaga (24-25)_D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

**e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/09/2023-24 (3rd call)**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शहरी परिवहन मद से | | | | |
| 1 | 07/LNP/09/2023 -24(3rd call) | वार्ड सं0 07 सत्येन्द्र पासवान के धर से अंशु आदव के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1013900.00 | 20300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 2 | 08/LNP/09/2023 -24(3rd call) | वार्ड सं0 09 में वैष्णों माता मंदीर के बगल से बरगद वृक्ष होते हुए मेनरोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 380100.00 | 7700.00 | 1000.00 | एक माह |
| 3 | 10/LNP/09/2023 -24(3rd call) | वार्ड सं0 11 में चन्द्रदेव उरॉव के धर से किरण उरॉव के धर से पहले तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 354800.00 | 7100.00 | 1000.00 | एक माह |
| | | नागरीक सुविधा मद से | | | | |
| 4 | 16/LNP/09/2023 -24(3rd call) | वार्ड सं0 04 में रियाज अंसारी के धर से जाहिर खान के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 650900.00 | 13100.00 | 5000.00 | दो माह |
| 6 | 18/LNP/09/2023 -24(3rd call) | वार्ड सं0 08 में पुस्तक महल से मिश्रा जी के धर होते हुए राजकिशोर प्रसाद के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1033600.00 | 20700.00 | 5000.00 | दो माह |
| 7 | Date of Publication of Tender on website | | 08.06.2024 at 11:00 AM | | | |
| 8 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 9 | Date start of submission of bids | | 10.06.2024 at 11:30 am | | | |
| 10 | Last Date/Time of submission of bids | | 18.06.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 11 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 20.06.2024 upto 05.00 pm | | | |
| 12 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 13 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 14 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 325419 Urban Development(24-25).D

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू**
**(उद्यानिकी योजनाओं के लिए आम –सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 केन्द्र प्रायोजित मिशन फॉर इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर (MIDH) योजनान्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के कार्यान्वयन हेतु **जिला– पलामू** के इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक – 08.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।

आवेदन आमंत्रण हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में MIDH (NHM) योजनाएँ निम्नवत है:–

| Sl No. | Components | Unit | Physical Target | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Seed Production Vegetable & Spices Open Pollinated Crops (Private Sector) | ha. | 05 | |
| 2 | Dragon Fruit (Kamlam) Integrated package with drip irrigation and trellis | ha. | 1 | |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching | ha. | 05 | |
| 4 | Strawberry (Without integration ) | ha. | 0.5 | |
| 5 | Banana ( TC) (Int. Package with drip irrigation) | ha. | 5 | |
| 6 | Banana ( TC) (Without irrigation) | Ha. | 1 | |
| 7 | Papaya (Int. package with drip irrigation) | ha. | 5 | |
| 8 | Papaya (without irrigation) | ha. | 1 | |
| 9 | Mango | ha. | 30 | |
| 10 | Lime | ha. | 8 | |
| 11 | Sapota | ha. | 05 | |
| 12 | Guava | ha. | 10 | |
| 13 | Pomegranate | ha. | 05 | |
| 14 | Aonla | ha. | 02 | |
| 15 | Bael | ha. | 02 | |
| 16 | Litchi | ha. | 02 | |
| 17 | Jack Fruit | ha. | 01 | |
| 18 | Vegetable Hybrid | ha. | 60 | |
| 19 | Flower(Cut Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 15 | |
| 20 | Flower (Bulbous Flower small & Marginal Farmers) | ha. | 15 | |
| 21 | Flower ( Loose flowers small & Marginal Farmers) | ha. | 15 | |
| 22 | Seed Spices and Rhizomatic spices | ha. | 30 | |
| 23 | Creation of water resources Community tank/on farm/ponds/on farm water reservoirs with use of plastic/RCC lining | Nos. | 0.515 | |
| 24 | Creation of water resources Water harvesting system for individuals for storage of water | Nos. | 5 | |
| 25 | Green House N.V.S Tubular Structure | Sqm. | 1000 | |
| 26 | Plastic Mulching | Sqm. | 100 | |
| 27 | Shade net (Tubular Structure) | ha. | 5000 | |
| 28 | Anti Bird/Anti Hail Nets | Sqm. | 15000 | |
| 29 | Cost of Planting material of high value vegetables grown in poly house/shade net house | Sqm. | 2000 | |
| 30 | Cost of Planting material & cultivation of Carnation & Gerbera under poly house/shade net house | Sqm. | 2000 | |
| 31 | Cost of Planting material & Cultivation of rose and lilum under poly house/shade net house | Sqm. | 2000 | |
| 32 | Organic Farming Vermi compost Units/organic input production HDPE Vermibed | Nos. | 30 | |
| 33 | Pack house/on farm collection & Storage unit | Nos. | 15 | |
| 34 | PHM Eveporative/low energy cool chamber (8MT) | Nos. | 2 | |
| 35 | PHM Low Cost Onion Storage Structure (25 MT) | Nos. | 7 | |
| 36 | Marketing Infrastructure Static Mobile Vending Cart/platform with cool chamber | Nos. | 2 | |

नोटः–योजनाओं से संबंधित विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू

PR 325381District(24-25)#D

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव के साथ थाना के सामने प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत कोवाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आकर 8 वर्षीय शिवराज मंडल की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को कोवाली थाना के सामने रखकर दोषियों पर कारवाई की मांग की. इस दौरान कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने परिजनों एवं स्थानीय लोगों को काफी समझाया. थाना प्रभारी ने परिजनों से कहा कि उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बच्चे के पिता सह ग्राम प्रधान विधान मंडल ने कहा कि अब तक न तो ट्रैक्टर की बरामदगी हुई है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है.

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु गढ़वा जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना/गन हाउस में जमा कराने हेतु दिनांक 21.03.2024 को जिला स्क्रीनींग समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था। लोकसभा आम निर्वाचन सम्पन हो चुका है।

अतः एतद् द्वारा गढ़वा जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित करना है कि थाना/ओ0पी0/गन हाउस में जमा UIN सृजित शस्त्रों को दिनांक 06.06.2024 के पश्चात् मुक्त करने का आदेश दिया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.325350 District(24-25):D

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**लॉटरी पद्धति द्वारा दुकान आवंटन हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रथम फेज में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत चौधराना बाजार निर्मित 18 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से **"आम सूचना के कंडिका 05 सब्जी बाजार, चौधराना बाजार की आवंटन की प्रक्रिया सर्वप्रथम विस्थापित दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर"**, के बीच आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 18.06.2024 को समय 12:00 बजे अपराहन् से नगर परिशद कार्यालय में आयोजन किया जाना है।

नोट–
1. सर्वप्रथम चौधराना बाजार में पूर्व से विस्थापित दुकानदारों के बीच लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया की जायेगी।
2. वाद–विवाद कि स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 325358Urban Development(24-25)#D

**समाहणालय, गढ़वा।**
**(महात्मा गाँधी नरेगा, कोषांग)**

**आवश्यक सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 4729, दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक– 6440, दिनांक– 17.07.2012, नियुक्ति सेवाशर्त एवं कर्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक– 848, दिनांक– 21.03.2027 के आलोक में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु कार्यालय ज्ञापांक– 533/मनरेगा, गढ़वा दिनांक– 01.09.2023 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कर ऑन–लाईन आवेदन प्राप्त किया गया। प्राप्त आवेदनों को कंप्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत कार्यालय ज्ञापांक– 746, दिनांक– 05.12.2023 द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु सूची को जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। दावा–आपत्ति निराकरण के उपरांत योग्य एवं अयोग्य आवेदनों की सूची जिले के वेबसाईट garhwa.nic.inपर अपलोड किया गया है।

संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रविष्टि में किसी प्रकार की अंककीय एवं टंककीय त्रुटि के संबंध में उप विकास आयुक्त, कार्यालय, गढ़वा को साक्ष्य के साथ दिनांक 15.06.2024 तक सूचित किया जा सकता है। किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र जो कि आवेदन के साथ अपलोड नहीं किया गया है उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं इस संबंध में email आदि माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त,
गढ़वा।

PR 325352 (Rural Development) 24-25 (D)

**पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।**
**नाशपाती फल नीलामी सूचना।**

**वर्ष–2024–25**

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट परिसर के नाशपाती बागान में लगे फलों को तोड़ने की नीलामी दिनांक–22.06.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे, पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य महोदय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष पुलिस उपाधीक्षक श्री कृष्ण कुमार महतो एवं सदस्यों के समक्ष प्रशासनिक भवन के कन्फ्रेन्स हॉल में किया जायेगा, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक–20.06.2024 को शाम 05:00 बजे तक कार्यावधि में, सील बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बागानों का नाम | न्यूनतम बोली की प्रारंभिक राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 |
| 1. | बागान "ए" (CLI आवास के सामने) | 3,50,000.00 (तीन लाख पचास हजार)रूपये। | 50,000 (पचास हजार)/रू0 |
| 2. | बागान "बी" (मैग्जीन सुरक्षा गार्ड क्षेत्र) | 73,000.00 (तिहत्तर हजार) रूपये। | |
| 3. | बागान "सी" (नाला के उस पार पूर्वी भाग) | 5,50,000.00 (पाँच लाख पचास हजार)रूपये। | |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यावधि में जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में नाशपाती फल निलामी हेतु गठित कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से अनुमति प्राप्त कर फल बागान देख सकते है।

फलों को तोड़ने की नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार है :–

1. बागानों के सामने अंकित जमानत की राशि "पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट" के पदनाम से चेक या कैश के रूप में भुगतान/देय होगा, जो नीलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल निविदा दाता (अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति) की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रख ली जायेगी और अन्य असफल व्यक्तियों की जमानत राशि नीलामी के समाप्ती के पश्चात वापस कर दी जायेगी।
2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड/आधार कार्ड नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप से प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे।
3. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधित सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपत–पत्र मूल रूप से नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक–22.06.2024 को फलों की निलामी का एकरारनमा करना होगा तथा अधिकतम नीलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि तीन दिनों के अंदर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के लेखा शाखा में जमा करना होगा (जमानत की राशि उसमें सामंजित की जायेगी) ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ नीलामी करने के लिए समिति को अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. फल तोड़ने के पूर्व नीलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. सफल निविदा दाता (अधिकतम बोली वाले व्यक्ति) को फलों की देख–भाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वयं होगा जो समिति के कार्यो के अनुरूप कार्य का संपादन करेंगे।
7. फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षतिग्रस्त ना होने पाये यदि क्षति हुई तो नीलामी लेने वाले व्यक्ति से पेड़ की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा।
8. संस्थान के हित में यदि नीलामी का राशि समिति द्वारा निर्धारित दर से कम आता है तो नीलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर नीलामी की जायेगी।
9. समिति को यह अधिकार होगा की बिना कारण बताये नीलामी कि शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते है।

पुलिस उप–महानिरीक्षक
–सह–प्राचार्य,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR 325348 Police(24-25)D

# जल प्रबंधन में नया प्रयास जल शोधन

**झारखंड** के पलामू सहित अनेक क्षेत्र हैं जो अनावृष्टि के कारण कृषि कार्य ठीक से नहीं कर पाते जबकि अन्य क्षेत्रों में बारिश अच्छी होती भी है तो हम उसका संचय नहीं कर पाते जिससे कृषि ही नहीं पेयजल एक बड़ी समस्या बनती जा रही है और हम बोरिंग पर निजी रूप से तो दशकों पूर्व बने डैम जिनकी सफाई तक नहीं हुई पर निर्भर हैं जिसका जल भंडार भी सीमित है। समय आ गया है कि हम कुशल जल प्रबंधन से पानी की बर्बादी रोकें, वृक्षारोपण करें और जल की बढ़ती मांग के लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करें। अभी भारत अपने शहरों से निकले कुल अपशिष्ट जल के सिर्फ 28 प्रतिशत हिस्से का शोधन करता है। 2021 में उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल का दैनिक बाजार मूल्य 63 करोड़ रुपये आंका गया था। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर की हालिया रिपोर्ट ने पहला शहरी प्रयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक सामने रखा है। इसके माध्यम से प्रयुक्त जल प्रबंधन के मामले में 10 राज्यों के 503 शहरी स्थानीय निकायों के प्रदर्शन का आकलन किया गया है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं, जहां प्रयुक्त जल के पुनः उपयोग की नीति लागू है। यह सूचकांक पांच विषयों-वित्त, बुनियादी ढांचा, कुशलता, प्रशासन, और आंकड़े व सूचना पर शहरी स्थानीय निकायों की एक तुलनात्मक रैंकिंग करता है। हमारा विश्लेषण बताता है कि शुष्क और अर्ध शुष्क क्षेत्रों के पानी की किल्लत का सामना करने वाले राज्यों ने प्रयुक्त जल प्रबंधन के लिए कुछ ठोस कदम उठाए हैं। इसकी वजह से सूचकांक में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। इनमें हरियाणा शीर्ष पर है। इसके बाद कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और गुजरात हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले हरियाणा और कर्नाटक जैसे राज्य भी पांच अंकों में से सिर्फ क्रमशः 1.94 व 1.74 अंक ही पा सके। यह दर्शाता है कि पूरे देश में जल सुरक्षा पर उच्च प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। शहरी निकायों में अपशिष्ट जल शोधन और उसके पुनः उपयोग की दिशा में पर्याप्त कदम उठाने की जरूरत है। जैसे, सूरत नगर निगम ने 2019 में शोधित अपशिष्ट जल के शोधन और पुनः उपयोग के लिए एक कार्य योजना अपनाई थी, जिसका लक्ष्य 2025 तक 70 प्रतिशत और 2030 तक 100 प्रतिशत पुनः उपयोग स्तर को पाना है। भारत के शहरी स्थानीय निकायों में प्रयुक्त जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान दिया जा सकता है। पहला-राज्यस्तरीय व्यापक कार्य योजना बनाने की जरूरत है। इस मामले में हरियाणा से सीखा जा सकता है, जिसने 2014 से 2023 तक 73 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए 433 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। अभी 10 राज्यों ने ही शोधित प्रयुक्त जल नीति लागू की है। दूसरा-राज्यों को अपनी स्थानीय जरूरतों और मांगों के अनुरूप विशेष उपायों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। धान उत्पादक पंजाब ने शोधित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी है। साथ ही कृषि को पुनः उपयोग के प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया है। सिंचाई के लिए 5,541 हेक्टेयर क्षेत्र तक शोधित अपशिष्ट जल पहुंचाने के लिए 2020 तक 94 करोड़ रुपये की लागत से 47 परियोजनाएं पूरी कर डाली थीं। तीसरा-राज्यों को प्रयुक्त जल प्रबंधन में एक-दूसरे से सीखने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की जरूरत है। यह पहल गुजरात जैसे राज्यों के लिए ज्यादा उपयोगी होगी। यहां के चार शहरी स्थानीय निकाय - सूरत, वडोदरा, राजकोट और जामनगर प्रयुक्त जल प्रबंधन में शीर्ष 10 शहरी निकायों में शामिल हैं, जबकि राज्य पांचवें स्थान पर है, जो राज्य के भीतर विभिन्न शहरी निकायों के प्रदर्शन में अंतर को दिखाता है। शोधित अपशिष्ट जल से व्यापक आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2021 में उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल को अगर चुनिंदा बागवानी फसलों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जाता, तो राष्ट्रीय स्तर पर 966 अरब रुपये का राजस्व पैदा कर सकता था। भारतीय राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों के लिए अब समय आ गया है कि वे शोधित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को प्राथमिकता दें। यह स्वच्छ जल पर दबाव को घटाने में मददगार होगा, जिसकी कमी से कई भारतीय शहर जूझ रहे हैं। यह शहरी स्थानीय निकायों के लिए राजस्व सृजन के अतिरिक्त विकल्पों को भी खोलेगा। आवश्यकता इस बात की है कि इसके नाम पर लूट का नया इतिहास न लिखा जाए।

विश्व महासागर दिवस पर विशेष

# महासागरों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा





रमेश सर्राफ धमोरा

**महासागर** इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहां से आ रहा हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं, जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। हर साल 08 जून को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरो में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्त्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार ट्राईगल यानि त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चौथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है। महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### न इनकी जीत न उनकी हार

**आज** जब चिंतानंद जी मेरे यहाँ आए तो उनका चेहरा ठीक वैसे ही लग रहा था जैसे अधपका पपीता। ना पूरी तरह से हरा न पूरी तरह से पीला। न तो ठीक तरह से खुशी व्यक्त कर पा रहे थे न ही चिंता जाहिर कर पा रहे थे। मैने उनसे आते हीं पूछा, 'क्यों महात्मन,कहाँ से आ रहे हैं? इतने परेशान क्यों नजर आ रहे हैं? सबकुछ ठीक-ठाक है न?' 'अरे भाई, तुम तो टीवी के ऐंकर की तरह सवाल पर सवाल दागे जा रहे हो। थोड़ी सांस तो लेने दो।' चिंतानंद दास जी इन दिनों टीवी रिपोर्टरों से घिरे रहते हैं। इसलिए उन्होंने मेरी तुलना रिपोर्टर से कर दी। मैं भी मजाक करते हुए कहा, 'अच्छी खासी बहुमत लेकर आए हैं। टीवी वाले सवाल तो करेंगे ही। कब सरकार बनाएँगे? सत्ता की मलाई में किस-किस की भागीदारी होगी? 'क्या खाक मलाई खाएँगे! वो खाने दे तब न! वो तो ठान कर बैठा है न खाएँगे न खाने देंगे। उसमें थोड़ी सी भी नैतिकता है ही नहीं।' आप किसकी नैतिकता की बात कर रहे हैं? बड़ा सीना ठोक कर कहते थे, 'अबकी बार चार सौ पार और दो सौ चालीस पर लटक गए, उनकी और किसकी!' मैंने कहा आप भी तो कहते थे, 'सफाचट-सफाचट और सैकड़े पर गए लटक। तो आप इस्तीफा क्यों नहीं दे देते हैं?' 'तुम इस्तीफा की बात कर रहे हो। यहाँ जान पर आफत आई है।' मैंने पूछा, वो कैसे? एक तो सरकार बनने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं दूसरी ओर आठ हजार रुपए खटाखट खाते में जाने वाली बात गले की हड्डी बन गई है। महिलाएँ पार्टी दफ्तर पर धावा बोल दी हैं। रिपोर्टर सवाल पूछ रहे हैं सो अलग। अब हम जाएँ तो किधर जाएँ। पार्टी दफ्तर छोड़कर भागे-भागे आ रहे हैं।' मैंने फिल्मी गीत गुनगुनाते हुए कहा, 'वादा किया वो निभाना पड़ेगा।' इस पर चिंतानंद जी आग बबूला होकर बोले,'वादे तो बहुत लोग करते हैं कहाँ निभाते हैं? हम तो मात्र आठ हजार का ही वादा किए हैं। कुछ लोग तो पंद्रह लाख गटक कर बैठ गए हैं।' तो इसका मतलब आप उन्हें आठ हजार नहीं देंगे?' हम कहाँ कह रहे हैं कि नहीं देंगे? पर जनता हमें उतना दी कहाँ कि हम उसको दे सकें। मैंने कहा, 'महात्मन, चौवालीस से सीधे सैकड़े पर आ गए। अब जनता आपको कितना दे? जनता तो सबकी है ना। उसे तो सबका ख्याल करना होता है। सत्यनारायण भगवान की कथा की तरह प्रसाद बाँट दी।' 'वही तो दुख की बात है। जनता खुद ही अपना हक लेना नहीं जानती।' वो कैसे? 'अगर जनता हमें दोजख में नहीं डालती तो आज ये हाल नहीं होता।' मैंने कहा, 'कुछ समझा नहीं।' समझाता हूँ, एक होता है जन्नत दूसरा होता है जहन्नुम और दोनों के बीच है दोजख। 'मैने तो सुना था कि भारतीय जनता देती है तो छप्पर फाड़ कर और लेती है तो झाड़ू मार कर। इस बार ऐसा कुछ नहीं की। और नहीं तो कूड़ा दरवाजे पर लाकर छोड़ दी। 'तो फिर उन औरतों का क्या होगा जो आठ हजार रुपए की आस लगाए बैठी है? इस पर चिंतानंद जी ने कहा,' अब देखते रहो बिल्ली के भाग से कब छींका टूटता है? 'मतबल? मतलब, पलटू राम कब पलटी मारते हैं। चंद्रबाबू कब चकमा देते हैं।' 'ऐसे में गरीब महिलाएँ कब तक इंतजार करेंगी? कहीं इंतजार करते-करते पाँच साल और न गुजर जाए।' तो इसमें क्या है अगले चुनाव में हम उनको सोलह हजार खटाखट दे देंगे। इंतजार का फल मीठा होता है। जैसे हम इंतजार कर रहे हैं वो भी इंतजार करें। मैं समझ गया, 'इसीलिए जनता ने आप लोगों को सबक सिखाया है। न इनकी जीत न उनकी हार। साँप-सीढ़ी का खेल खेलते रहिए और बनाते रहिए सरकार।

**डॉ. बिनोद सिंह गहरवार**
**वरीय अंग्रेजी शिक्षक**
**कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल रातू रांची।**

पर्यावरण

# वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि



सुरेश जैन

**दुनिया** के ताकतवर मुल्क अमेरिका में पर्यावरण और जीव विज्ञानियों ने बहुत बार शोध करके यह सिद्ध किया है, वृक्षों में भी महसूस करने और समझने की क्षमता होती है। जैन धर्म भी मानता है, वृक्ष में भी आत्मा होती है, क्योंकि यह संपूर्ण जगत आत्मा का ही खेल है। वृक्ष को काटना अर्थात उसकी हत्या करना है। हरित क्रांति की बात चलती है तो मुझे बरबस भगवान तीर्थंकर महावीर का भावपूर्ण स्मरण आता है। पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरुष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है। भगवान महावीर मानते थे कि जीव और अजीव की सृष्टि में जो अजीव तत्व है अर्थात मिट्टी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति उन सभी में भी जीव है, अतः इनके अस्तित्व को अस्वीकार मत करो। इनके अस्तित्व को नामंजूर करने का मतलब है, अपनी मौजूदगी को अस्वीकार करना। दृश्य और अदृश्य सभी जीवों का अस्तित्व स्वीकारने वाला ही पर्यावरण और मानव जाति की रक्षा के बारे में सोच सकता है। जैन धर्म में वनस्थली की परम्परा रही है। चेतना जागरण में पीपल, अशोक, बरगद आदि वृक्षों का विशेष योगदान रहा है। ये वृक्ष भरपूर ऑक्सीजन देकर व्यक्ति की चेतना को जागृत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैन धर्म ने सर्वाधिक पौधों को अपनाए जाने का संदेश दिया है। सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे हैं। भगवान महावीर और भगवान बुद्ध समेत अनेक महापुरुषों ने इन वृक्षों के नीचे बैठकर ही निर्वाण या मोक्ष को पाया है, इसीलिए वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। अंधाधुंध वृक्षों के कटान से हमारे जंगल कंक्रीट जंगल में तब्दील होते जा रहे हैं। यदि कटान की यह रफ्तार न थमी तो एक दिन ऐसा भी होगा, जब मानव को रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप में प्यासा मरना होगा। जंगल से हमारा मौसम नियंत्रित और संचालित होता है। जंगल की ठंडी आबोहवा नहीं होगी तो सोचो धरती आग की तरह जलने लगेगी। इसमें कोई शक नहीं, मनुष्य के मन में लालच की सीमा बढ़ने लगी है। अधिकतम लाभ और धन पाने की इच्छा के वशीभूत होकर वह इन वृक्षों को काटकर इमारती लकड़ियों आदि के रूप में प्रयोग करने लगा है। वृक्षों के बेरोकटोक काटे जाने से पृथ्वी के दुर्लभ जीव-जंतु भी समाप्त हो रहे हैं।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरुष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है।**



बोधि वृक्ष

## रांची : बोडेया में 356 साल पुराना कृष्ण मंदिर



**आज** से साढ़े तीन सौ साल पहले छोटा नागपुर में ब्राह्मणों की घोर कमी थी। उस वक्त रातू महाराज को पूजा पाठ कराने में ब्राह्मणों की कमी खलती थी। जिसको लेकर रातू महाराजा ने 56 ब्राह्मणों का जत्था यूपी के कनौती से बुलाया और छोटा नागपुर के अलग-अलग हिस्सों में बसाया। इसी में से एक जत्था रांची के बोड़ेया में बसा। लक्ष्मी नारायण तिवारी ने रातू महाराज की सेवा के लिए उन्हें आमंत्रित किया। महाराज ने भी उनके आमंत्रण को स्वीकार करते हुए जागरण में पहुंचे। जिनका सेवा संस्कार के बाद हाथी में सोना लाकर विदाई दिया गया। लेकिन महज हाफ किलोमीटर दूर जाते हैं सोना से लदा हाथी बैठ गया और उठ नहीं पाया। उस वक्त रातू महाराज को ब्राह्मण के द्वारा दिए गए उपहार अशुभ महसूस हुआ तो उन्होंने उपहार को लेने से इनकार कर दिया। जिसके बाद लक्ष्मी नारायण तिवारी ने उस उपहार को बेचकर मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर का पूरा निर्माण पथल को उकेरकर की गई है। जो आज भी ज्यो का त्यों अथपित है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# आम चुनाव, आयोग और बापू...!



मुकुंद

**देश** लोकतंत्र का महापर्व मनाकर फुरसत हो चुका है। अब नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को देखने का इंतजार है। इस बार का आम चुनाव कई मायने में खास रहा। सात चरणों में हुए चुनाव के दौरान देश ने अपार गर्मी झेली। मतदाता तेज धूप में नेताओं के भाषण सुनते रहे। चार जून को नतीजे आए। इन नतीजों ने कुछ हद तक चौंकाया भी। पहली बार एग्जिट पोल के अनुमान धराशायी हो गए। जनादेश आने से एक दिन पहले तीन जून को भारत निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में अपने कीर्तिमान भी गिनाए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सगर्व कहा कि पहली बार आम चुनाव में 31 करोड़ महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार घर से ही वोटिंग करने का भी रिकॉर्ड बना है। साथ ही इस बार चुनाव में 31 करोड़ 20 लाख महिलाओं सहित 64 करोड़ 20 मतदाताओं के हिस्सा लेने के साथ विश्व रिकॉर्ड बना है। यह आंकड़ा जी-7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना जबकि यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। लोकसभा चुनाव-2024 पर कुमार ने काफी कुछ कहा। उन्होंने कहा कि यह उन आम चुनावों में से एक है, जिसमें हमने हिंसा नहीं देखी। उन्होंने सुखद संदेश दिया कि अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। यह सनद किया जाए कि भारत निर्वाचन आयोग ने अठारहवीं लोकसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंप दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू छह जून को शाम साढ़े चार बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 73 के संदर्भ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति सौंपी। इसमें लोकसभा के निर्वाचित सदस्यों के नाम शामिल हैं। इसके बाद तीनों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आशीर्वाद लेने उनके समाधि स्थल राजघाट पहुंचे। राजघाट पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद आयोग का बयान आया। उसे केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने जारी किया। पीआईबी की वेबसाइट पर आयोग का अविकल बयान-''हम यहां राष्ट्र द्वारा हमें सौंपे गए पवित्र कार्य, 18वीं लोकसभा के आम चुनाव सम्पन्न कराने के बाद राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए खड़े हैं। हम भारत के लोगों की इच्छा को लगभग अहिंसक तरीके से उत्प्रेरित करने के बाद अपने दिल में विनम्रता लिए हुए यहां खड़े हैं।'' ''लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है'', यह वह स्पष्ट प्रतिबद्धता थी जिसके साथ 16 मार्च, 2024 को 18वीं लोकसभा के चुनावों की घोषणा की गई थी। चुनावी प्रक्रिया को हिंसा से मुक्त रखने की इस प्रतिज्ञा के पीछे हमारी प्रेरणा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे। उन्होंने इंसान के बीच समानता की वकालत की और सभी के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों की वकालत की। महात्मा के विचारों में, वयस्क मताधिकार ''सभी प्रकार के वर्गों की सभी उचित आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है''।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयरिंग का स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस



**स्क्रीन** शेयरिंग एक ऐसा फीचर है जिसके जरिए आप अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर की स्क्रीन को लाइव दिखा सकते हैं। इसका मतलब यह है कि जो कुछ भी आपकी स्क्रीन पर हो रहा है, उसे आप अपने दोस्तों या सहकर्मियों के साथ रियल टाइम में शेयर कर सकते हैं। व्हाट्सएप आज के समय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवाद माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से न केवल हम अपने दोस्तों और परिवार के साथ संपर्क में रहते हैं, बल्कि व्यवसायिक कार्यों के लिए भी इसका उपयोग व्यापक रूप से किया जाता है। व्हाट्सएप में समय-समय पर नए फीचर्स जोड़े जाते रहते हैं, जो इसे और अधिक उपयोगी बनाते हैं। ऐसा ही एक नया फीचर है 'स्क्रीन शेयरिंग'। यह फीचर आपको अपनी स्क्रीन को दूसरे व्यक्ति के साथ साझा करने की सुविधा देता है, जिससे आप उन्हें रियल-टाइम में अपनी स्क्रीन पर चल रही गतिविधियों को दिखा सकते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयर कैसे किया जा सकता है, और इसके लिए स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस क्या है। स्क्रीन शेयरिंग एक ऐसा फीचर है जिसके जरिए आप अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर की स्क्रीन को लाइव दिखा सकते हैं। इसका मतलब यह है कि जो कुछ भी आपकी स्क्रीन पर हो रहा है, उसे आप अपने दोस्तों या सहकर्मियों के साथ रियल टाइम में शेयर कर सकते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृषभ** — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

**कर्क** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

**तुला** — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

**धनु** — नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

**कुम्भ** — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन** — आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

## ओडिशा के भुवनेश्वर से दिल्ली आ रही तेजस एक्सप्रेस के एक कोच का पहिया पटरी से उतरा

# गाजियाबाद स्टेशन पर बड़ा हादसा टला, एक घंटे में रिपेयर कर दिल्ली रवाना किया गया



पटरी की मरम्मती का जायजा लेते अधिकारी

एजेंसी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्टेशन पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भुवनेश्वर से नई दिल्ली आ रही तेजस एक्सप्रेस का एक पहिया पटरी से उतर गया। सूचना मिलते ही तुरंत रेलवे के अधिकारी और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और करीब 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इसे रिपेयर कर दिल्ली के लिए रवाना किया। गनीमत यह रही कि यह हादसा गाजियाबाद के स्टेशन पर हुआ, अगर बीच रास्ते में होता तो इसे ठीक कर आगे के गंतव्य के लिए रवाना करने में बहुत ज्यादा समय लगता। गाजियाबाद जंक्शन पर शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब ओडिशा के भुवनेश्वर से आ रही तेजस एक्सप्रेस के एक कोच का एक पहिया पटरी से उतर गया। इसकी सूचना मिलते ही ट्रेन को आनन-फानन में रोका गया और गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर इसकी मरम्मत की गई। कोच के पहिए के पटरी से उतरने के बाद धीरे-धीरे दूसरे कोच के पहिए भी पटरी से बाहर आने लगे थे। गनीमत यह रही की सूचना मिलते ही गाड़ी को तुरंत रोक लिया गया।

## दिल्ली में आप-कांग्रेस की राहें जुदा होने पर शहजाद पूनावाला ने कहा

# अभी निकाह हुआ था, तलाक भी हो गया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप के नेता गोपाल राय ने गुरुवार को कहा था कि इंडिया गठबंधन महज लोस चुनाव तक ही सीमित था। अब इसका दिल्ली के विस चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में आप अकेले ही चुनाव लड़ेगी। इस पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने तंज कसा है। पूनावाला ने कहा, अभी-अभी तो दिल्ली में 'आप'-कांग्रेस का निकाह हुआ था और अभी तलाक भी हो गया। आप के नेता कह रहे हैं कि अब दिल्ली में इंडी गठबंधन नहीं रहेगा। वो यह बात ऐसे वक्त में कह रहे हैं, जब हाल ही में संपन्न हुए लोस चुनाव में उन्हें जीरो सीट मिली है। लोस चुनाव में मुंह की खाने के बाद अब गोपाल राय कह रहे हैं कि यह रिश्ता यहीं खत्म हुआ। अब दिल्ली विस चुनाव में दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं है। बीजेपी नेता ने आगे कहा, वैसे भी यह मतलब का ही गठबंधन था। दिल्ली में दोस्ती कर रहे थे और पंजाब में कुश्ती। वहीं चंडीगढ़ में मस्ती कर रहे थे। इट वाज द फ्रेंडशिप ऑफ बेनिफिट, जिसका मतलब है कि बेनिफिट खत्म तो फ्रेंडशिप खत्म। वैसे भी कुछ दिनों पहले जो निकाह फरमाया था, वो अब तीन तलाक में खत्म हो गया। अब कांग्रेस पार्टी जैसे पंजाब में आप को भ्रष्टाचारी कहती है, कहती है कि यह उग्रवादियों के साथ है। अब दिल्ली में एक-दूसरे की तारीफ करने वाले एक-दूसरे को गालियां देंगे। यही इंडी अलायंस का चरित्र है। उन्होंने आगे कहा, अब तो यहां तीन तलाक हुआ है। आगे आगे देखिए यह तीन तलाक पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक में होगा। यही इंडी अलायंस का असली चेहरा है। आप और कांग्रेस के बीच हुई नई-नई शादी अब तलाक में तब्दील हो चुकी है। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन हुआ था। इस गठबंधन के तहत आप ने जहां दिल्ली की चार लोस सीटों पर चुनाव लड़ा था, वहीं कांग्रेस ने तीन सीटों पर, लेकिन दिल्ली की सातों सीट बीजेपी के खाते में आ गई।

### आप से कांग्रेस ने भी तोड़ा गठबंधन अलग लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

आप के बाद अब कांग्रेस ने भी 'आप-कांग्रेस' गठबंधन तोड़ने की औपचारिक बात कही है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने दिल्ली समेत कुल तीन राज्यों में गठबंधन के अंतर्गत लोकसभा चुनाव लड़ा था। कांग्रेस का कहना है कि आप अब इंडिया गठबंधन में रहना चाहती है या नहीं, इसका जवाब आप ही दे सकती है। कांग्रेस का कहना है कि आम आदमी पार्टी के साथ उनका गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक के लिए था। कांग्रेस के ऐलान से स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते नजर आएंगे। गठबंधन के विषय पर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि जब दिल्ली में आप के साथ कांग्रेस का गठबंधन बना था, हमने तभी कह दिया था कि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक के लिए है। गौरतलब है कि दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन होने के बावजूद दोनों पार्टी सभी सातों सीटों पर चुनाव हार गई। दिल्ली की सभी सीटों पर न केवल भाजपा लोकसभा चुनाव जीतने में सफल रही बल्कि उसके उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से अधिक वोट भी हासिल हुए हैं। दोनों पार्टियों के नेता दबी जुबान में यह भी मान रहे हैं कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन पूरी तरह से विफल रहा है।

# नीतीश और चंद्रबाबू सबके हैं, कभी आपके तो कभी हमारे : संजय राउत



एजेंसी

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही नेता सभी के हैं। आज आपके हैं, तो कल हमारे होंगे। मोदी सरकार जो भी फैसला लेना चाहती थी, उसका आम लोगों ने विरोध किया। पीएम मोदी कह रहे थे कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आई तो मुस्लिमों को आरक्षण देगी। मैं कहना चाहूंगा कि चंद्रबाबू नायडू तो मुस्लिमों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं। ऐसे में आप क्या कहना चाहेंगे। अभी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर चर्चा होना बाकी है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के शासनकाल में ईडी की प्रतिष्ठा पर सवाल उठे हैं। ईडी और सीबीआई बीजेपी की एक्सटेंडेड ब्रांच बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा, प्रफुल्ल भाई पटेल के साथ हमारी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन न्याय की व्यवस्था तो सबके लिए होनी चाहिए।

### पूर्व सांसद आनंद मोहन ने नई सरकार से की दो बड़ी मांग

**पटना।** दिल्ली में एक ओर जहां एनडीए सरकार बनाने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी ओर दबाव की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस बीच, पूर्व सांसद और बिहार के मुख्यमंत्री के करीबी आनंद मोहन ने बिहार के हिस्से रेल मंत्रालय देने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि बिहार को रेल मंत्रालय की मांग उचित है। यह मंत्रालय कई बार बिहार के हिस्से रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी रेल मंत्री रह चुके हैं और स्वर्गीय दिग्विजय सिंह सहित कई नेता रेल मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। उनके समय से जो काम अधूरे रहे हैं वो अगर पूरे करने हैं तो बिहार को रेल मंत्रालय चाहिए।

# संसद भवन परिसर में फर्जी आधार कार्ड से 3 लोगों ने की घुसने की कोशिश, गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में फर्जी आधार कार्ड दिखाकर तीन लोगों ने घुसने की कोशिश की। तीनों मजदूर हैं। इनके नाम कासिम, शोएब और मोनिस हैं। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। संसद की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने तीनों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की कई गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह घटना 4 जून दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर संसद भवन के गेट नंबर 3 की बताई जा रही है। सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर इनके आधार कार्ड देखे तो तो उनको कुछ शक हुआ। इसके बाद आधार कार्डों की जांच की गई तब साफ हुआ कि वह फर्जी हैं। इसके बाद तीनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और बाद में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। बताया गया है कि तीनों मजदूरों को संसद भवन परिसर के भीतर एमपी लाउंज के निर्माण कार्य के लिए रखा गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में दो लोग संसद भवन की दर्शक दीर्घा में कूद गए थे। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस घटना को संसद की सुरक्षा में बड़ी सेंध माना गया था। ताजा घटना फर्जी आधार कार्ड से जुड़ी है।



### संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में दिल्ली पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र दायर किया

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में शुक्रवार को यहां एक अदालत में आरोपपत्र दायर किया। अदालत ने 24 मई को पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 13 दिन का अतिरिक्त समय दिया था। पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में 900 पन्नों से अधिक का आरोपपत्र दायर किया है। मामले की सुनवाई कर रही एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर ने पिछली सुनवाई के दौरान पुलिस को जांच पूरी करने के लिए अंतिम मौका दिया था। पुलिस ने अदालत को बताया था कि कुछ रिपोर्ट आनी बाकी थी और बड़ी मात्रा में डिजिटल डाटा एकत्र किया गया है। आरोपपत्र में छह आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी., सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत के नाम हैं। सभी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। मनोरंजन डी. और शर्मा ने 13 दिसंबर को संसद पर हुए 2001 के आतंकी हमले की 22वीं बरसी के दिन लोकसभा की दर्शक दीर्घा से वेल में कूदकर वहां पीले धुएं का कैनिस्टर फोड़ा था। हालांकि बाद में सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था।

### सीएम योगी की मां फिर से एम्स में भर्ती, जांच में जुटी डॉक्टरों की टीम



**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी को फिर से एम्स में भर्ती कराया गया है। एम्स पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि उन्हें आंखों से संबंधित दिक्कत थी। इसलिए उन्हें यहां जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। फिलहाल चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी उनका हाल जानने एम्स पहुंचे। यमकेश्वर विकास खंड के पंचूर गांव निवासी सावित्री देवी (84) को 14 मई को एम्स, ऋषिकेश के जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया था। उस समय उनका ब्लड प्रेशर सामान्य से अधिक था। वृद्धावस्था के कारण एम्स में उनकी अन्य जांचे भी की गईं। जिसके बाद दो दिन उनका इलाज किया गया था। जांच रिपोर्ट के सामान्य पाए जाने पर उन्हें 16 मई को एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

# बुजुर्ग की हत्या, मणिपुर के दो जिलों में कर्फ्यू

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में 59 साल के एक व्यक्ति की हत्या के बाद जिरीबाम और तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। इंफाल में मणिपुर के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गुरुवार रात को जिरीबाम में सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भी स्थिति तनावपूर्ण है, हालांकि नियंत्रण में है। शव पर कई चोटें और कट के निशान मिले थे। इसके अलावा कुछ घरों में आग लगा दी गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिरीबाम में अपने लाइसेंसी हथियार वापस करने की मांग की।



लोकसभा चुनाव से पहले इसे जमा करा लिए गए थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने जिरीबाम जिले में असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मणिपुर पुलिस का एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिरीबाम और निकटवर्ती तामेंगलोंग जिले में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों सहित सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। असम की सीमा से सटे जिरीबाम में मिली जुली आबादी है, जिसमें मैतेई, मुस्लिम, नागा, कुकी और गैर-मणिपुरी रहते हैं। यह जिला पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हुई जातीय हिंसा से अब तक काफी हद तक अप्रभावित रहा है।

### जातीय हिंसा में अब तक 220 लोगों की जा चुकी है जान

मैतेई और कुकी-जोमी के बीच जातीय संघर्ष ने अब तक दोनों समुदायों के 220 से अधिक लोगों की जान ले ली है। एक साल से अधिक समय से चल रही जातीय हिंसा में दोनों समुदायों के 70,000 से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। दंगों में हजारों घर, सरकारी और गैर-सरकारी संपत्तियां और धार्मिक संरचनाएं नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## ग्वालियर के बाल संप्रेक्षण गृह से पांच बच्चे भागे

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिला बाल संप्रेक्षण गृह से पांच अपचारी बच्चों के भागने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है कि आखिर ये बच्चे भागने में सफल कैसे हो गए। अपनी कमजोर सुरक्षा व्यवस्था के कारण यह संप्रेक्षण गृह हमेशा चर्चा में रहता है। मिली जानकारी के अनुसार, यह बाल संप्रेक्षण गृह थाटीपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरी इलाके में स्थित है। इन बाल अपचारियों ने शौचालय की दीवार में छेद किया और वहां से 5 बच्चे भागने में सफल हो गए। जो बच्चे फरार हुए हैं उनमें से चार पर चोरी और एक पर हत्या का आरोप है।

### नीरभ कुमार प्रसाद आंध्र के मुख्य सचिव नियुक्त



**अमरावती।** आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी नीरभ कुमार प्रसाद को आंध्र प्रदेश सरकार ने के एस जवाहर रेड्डी की जगह नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है।

## नीट यूजी परीक्षा 2024 / एक ही केंद्र से 8 छात्रों को पूरे अंक आने पर उठा सवाल

# इस मामले में एससी की देखरेख में हो जांच : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेडिकल परीक्षा नीट के आयोजन और रिजल्ट पर प्रश्न उठाए हैं। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि आखिर कैसे एक साथ 67 टॉपर को नीट परीक्षा में 720 में से पूरे 720 अंक मिल गए। इसके अलावा कांग्रेस ने यह भी प्रश्न उठाया है कि एक ही सेंटर के 8 बच्चे कैसे 720 में से 720 अंक हासिल कर टॉपर बन गए। पार्टी ने अब इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच की मांग की है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि जब परीक्षा में हर सवाल 4 नंबर का था तो फिर छात्रों के 718-719 नंबर कैसे आए। कांग्रेस ने नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाया और कहा परिणाम में 67 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलना बड़ा संदेह पैदा करता है। शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में इस विषय पर पार्टी नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने जो सफाई दी है वह बहुत अजीब है। कन्हैया के मुताबिक एनटीए का कहना है कि उन्होंने कई छात्रों को ग्रेस अंक दिए, जिसकी वजह से उनका स्कोर 720 पहुंच गया। 67 टॉपर आए हैं। इसका मतलब यह है कि देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान एम्स में भी टॉपर्स को दाखिला नहीं मिल पाएगा। यहां केवल 50-60 छात्रों को दाखिला मिल पाता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक, इस साल पहले पेपर लीक होने का समाचार आया, जिसे दबा दिया गया। अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के कई परीक्षार्थियों ने छात्रों के अंक बढ़ाए जाने के आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि इस बार रिकॉर्ड 67 परीक्षार्थियों ने टॉप रैंक हासिल की और इनमें से कई अभ्यर्थी तो एक ही परीक्षा केंद्र से बताए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि सवाल यह है कि आखिर छात्रों के साथ ये धोखा कैसे हुआ, किसने किया और क्यों यह परिणाम जानबूझकर 4 जून को चुनाव नतीजों के शोर में घोषित किया गया, जबकि इसे 14 जून को घोषित होना था। ऐसे में छात्रों का इस परीक्षा की शुचिता में विश्वास बहाली बेहद जरूरी है, जो निष्पक्ष और पारदर्शी जांच से ही संभव है।

### रिजल्ट के बाद बड़ी संख्या में आत्महत्या की खबरें आ रही हैं : प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी नीट 2024 के रिजल्ट में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जायज शिकायतों के समाधान के लिए जांच की मांग की। एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका गांधी ने कहा, पहले, नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया, और अब छात्र रिजल्ट में घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। रिजल्ट आने के बाद पूरे देश से बड़ी संख्या में छात्रों के आत्महत्या की खबरें आ रही है। सरकार इसपर तुरंत ध्यान दे।

### पटवारी घोटाले की तरह हरियाणा में नीट घोटाला : अरुण यादव

**भोपाल।** कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने नीट के नतीजे पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश में हुए पटवारी घोटाले की तर्ज पर ही हरियाणा में नीट घोटाला हुआ है। हरियाणा में एक ही सेंटर के 5 से ज्यादा बच्चों ने टॉप किया है। सरकार गड़बड़ी की जांच करा दोषियों को सजा दिलाए।

### कर्नाटक : रेवन्ना की मां को अपहरण मामले में मिली अंतरिम जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने सेक्स वीडियो स्कैंडल से जुड़े अपहरण के एक मामले में शुक्रवार को प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने 14 जून तक के लिए उनकी जमानत मंजूर की है। उच्च न्यायालय ने आदेश सुनाते हुए भवानी रेवन्ना को शुक्रवार को एक बजे जांच के लिए उपस्थित होने और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। भवानी रेवन्ना के उनके गृह जिले हासन और मैसुरु जिले के केआर नगर ताल्लुक, जहां से शिकायतकर्ता का संबंध है, में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया है कि उन्हें शाम पांच बजे के बाद पूछताछ के लिए न रोका जाये।

# यूपी की जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा : शिवपाल यादव

एजेंसी



**लखनऊ।** सपा के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उत्तर प्रदेश में सपा की बेहतरीन परफॉर्मेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अहंकार में थी और उत्तर प्रदेश की जनता ने उनका ये अहंकार तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा के कार्यकर्ता के खिलाफ अगर कोई झूठी शिकायत भी कर देता था तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता था। इन सब के बाबजूद भी हमारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन किया। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने तो चार सौ पार का नारा दिया था। उनका मकसद संविधान को बदलना, लोकतंत्र को खत्म करना और तानाशाही करना था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता और सपा के कार्यकर्ताओं ने तानाशाही को हराने का काम किया है। ये जीत जनता और सपा के कार्यकर्ताओं की है। केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार के गठन पर उन्होंने कहा कि इस पर हम कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन हां इतना जरूर कहेंगे कि इनका अहंकार टूट गया है। 37 सीटों के साथ सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने पर उन्होंने कहा कि नेताजी का हमेशा आशीर्वाद रहा है।

## एक नजर

### लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी बाहर

जकार्ता। भारत के लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया ओपन 2024 बीडब्लूएफ सुपर 1000 टूनामेंट में अपना दबदबा बनाये रखते हुए गुरूवार को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। लक्ष्य ने जापान के केन्ता निशिमोतो को राउंड 16 में 21-9, 21-15 से पराजित किया। लक्ष्य ने शक्तिशाली क्रॉस कोर्ट स्मैश, शानदार प्लेसमेंट से पहले गेम में 4-0 की बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। जापानी खिलाड़ी के पास लक्ष्य का कोई तोड़ नहीं था। वह गलतियां करते रहे और दूसरा गेम भी गंवा बैठे। लक्ष्य का अगला मुकाबला शुक्रवार को दूसरी सीड डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा।

### न्यूयॉर्क की पिच मानकों के अनुरूप नहीं है : आईसीसी

न्यूयॉर्क। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्वीकार किया है कि नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पिचें मानकों के अनुरूप नहीं हैं और उसने वादा किया कि टी 20 विश्व कप के शेष मैचों के लिए इसमें सुधार किया जाएगा। इस स्थल पर खेले गए दो मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 100 से भी कम रन बनाये हैं और विकेट से अतिरिक्त उछाल तथा अतिरिक्त स्विंग ने दूसरी पारी में खेलने वाली टीमों को भी परेशान किया है। इस मैदान पर खेले गए टी 20 विश्व कप के पहले मैच में श्रीलंका की टीम 77 रन पर लुढ़क गयी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 16 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### क्लासिक, सुपरकिंग्स, डेंजर, वॉरियर्स, पैंथर्स, विंग्स ने दर्ज की जीत

**देहरादून।** सचिवालय क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हॉट वेदर टी-10 टूनामेंट के पहले दिन शुक्रवार को क्लासिक, सुपरकिंग्स, डेंजर, वॉरियर्स, पैंथर्स और विंग्स की टीमों ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आज के पहले मैच में क्लासिक ने हरिकेन को 44 रन से शिकस्त दी। इस मैच में टीम क्लासिक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 10 ओवरों में 03 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में हरिकेन की टीम निर्धारित ओवरों में 05 विकेट पर 117 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच धीरज पाल को दिया गया।

# स्कॉटलैंड ने नामीबिया को पहली बार हराया

एजेंसी

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** कप्तान रिची बैरिंगटन और माइकल लीस्क के शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने नामीबिया को शुक्रवार को पांच विकेट से हराकर टी 20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। कप्तान गेरहार्ड इरस्मस के 31 गेंदों में 52 रन की बदौलत नामीबिया ने 155/9 का लड़ने लायक स्कोर बनाया। बैरिंगटन के 35 गेंदों पर नाबाद 47 और लीस्क के 17 गेंदों पर 35 रन की बदौलत स्कॉटलैंड ने नौ गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यह स्कॉटलैंड की नामीबिया के खिलाफ पहली टी 20 जीत है जिससे वह अब आईसीसी रैंकिंग में अफ्रीकी देश से ऊपर चला जाएगा। नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि आसमान पर बादल छाये हुए थे। स्कॉटलैंड ने गेंद से शानदार शुरूआत की। ब्रैड व्हील ने जेपी कोट्जे को शून्य पर आउट कर दिया। पावरप्ले में दो और विकेट गिरे, जब जान फ्राइलिनक (12) को ब्रैड करी ने बोल्ड किया और निकोलस डेविन (20) क्रिस सोल की गेंद पर कैच आउट हुए। जेन ग्रीन (27 में से 28) और डेविड विसे (13 में से 14) ने स्कॉटलैंड की प्रभावशाली गेंदबाजी का विरोध किया, लेकिन नामीबिया को देर से रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, केवल इरस्मस को कुछ प्रवाह मिला, जिससे उनकी टीम ने कुल 155/9 का स्कोर बनाया। स्कॉटलैंड के लक्ष्य का पीछा जॉर्ज मुन्से (15 में 7) के टैंगेनी लुंगामेनी के हाथों जल्दी गिरने से शुरू हुआ। इसके बाद इरस्मस ने आठवें ओवर में माइकल जोन्स (20 में से 26) को आउट कर दिया और स्कॉटलैंड का स्कोर 49/2 हो गया। नामीबिया के कीपर जेन ग्रीन द्वारा ब्रैंडन मैकमुलेन को आउट करने के लिए की गई एक चतुर स्टंपिंग ने गति बदल दी। जब 11वें ओवर में मैथ्यू क्रॉस एलबीडब्ल्यू (5 में 3) आउट हो गया, तो नामीबिया होड़ में बना रहा। हालाँकि, बेरिंगटन ने 13वें ओवर की समाप्ति पर लगातार चौके लगाए और स्कॉटलैंड को वापस पटरी पर ला दिया। लीस्क ने अगले ओवर में छक्का जड़कर स्कॉटलैंड को 100 रन के पार पहुंचाया। 17वें ओवर में 19 रन से स्कॉटलैंड नामीबिया पर अपनी पहली टी20 जीत के करीब पहुंच गया, जिसमें साझेदारी 50 रन से अधिक हो गई। लीस्क को अगले ओवर में आउट कर दिया गया और बेरिंगटन ने दूसरे-आखिरी ओवर में छक्का मारकर मैच समाप्त कर दिया।



**संक्षिप्त स्कोर**
नामीबिया 20 ओवर में 155/9 (गेरहार्ड इरस्मस 52; ब्रैड व्हील 3-33); स्कॉटलैंड 18.3 ओवर में 157/5 (रिची बेरिंगटन 47, माइकल लीस्क 35; गेरहार्ड इरस्मस 2-29

# पाकिस्तान तीनों विभागों में अच्छा नहीं खेला : बाबर

एजेंसी

**डलास।** पाकिस्तान की सह-मेजबान अमेरिका के हाथों टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में गुरूवार को सुपर ओवर में सनसनीखेज पराजय के बाद कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम खेल के तीनों विभागों में अच्छा नहीं खेली। पाकिस्तान को शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा और उसने पॉवरप्ले की समाप्ति तक 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। बाबर आजम और शादाब खान ने 48 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। लेकिन अमेरिका ने पाकिस्तान को 159/7 पर रोक दिया और फिर स्कोर की बराबरी की और सुपर ओवर में मैच जीतकर टूनामेंट का एक बड़ा अपसेट कर दिया। बाबर के अनुसार, पाकिस्तान की बल्लेबाजी पॉवरप्ले में ही उखड़ी हुई थी, वे मध्य ओवरों में धीमे रहे हुए और डैथ ओवरों में काफी निराश किया।

गेंदबाजी करते हुए वे गति के साथ अपनी शुरूआती योजना को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाए और मध्य ओवरों में स्पिन के साथ विकेट नहीं ले पाए। बाबर ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं, तो जब भी आप मैच हारते हैं आप हमेशा निराश होते हैं। पहले छह ओवरों में हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया, 10वें ओवर के बाद हमें कुछ लय मिली तो हमने ज्यादा विकेट गंवा दिया और फिर आपकी लय चली गयी। एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हमें मध्य और अंतिम ओवरों में रन बनाने चाहिए थे। बाबर ने कहा, पहले छह ओवरों के दौरान तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी, लेकिन बाद में ऐसा नहीं था। सुबह 10.30 बजे मैच शुरू होने के कारण यह तो तय था कि तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, विपक्षी गेंदबाजों ने इसका फायदा उठाया।



*बाबर आजम और शादाब खान ने 48 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला।*

# चेन्नइयिन एफसी ने लालडिनपुइया को अपने साथ जोड़ा

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने तीन साल के सौदे पर डिफेंडर पीसी लालडिनपुइया के अधिग्रहण के साथ 2024-25 सीजन के लिए अपना तीसरा अनुबंध पूरा कर लिया है। मिजोरम के 27 वर्षीय खिलाड़ी को डिफेंस के साथ-साथ मिडफील्ड में भी काम करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। वह जमशेदपुर एफसी के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद मरीना मचान्स में शामिल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि लालडिनपुइया ने 2022 में ओवेन कॉयल के नेतृत्व में जमशेदपुर के साथ इंडियन सुपर लीग में पदार्पण किया और वह उसी वर्ष आईएसएल लीग शील्ड जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। मुख्य कोच कॉयले ने कहा, लालडिनपुइया में हमें शानदार सीजन के बाद एक अविश्वसनीय सेंटर बैक मिला है। मैंने उनके साथ कुछ समय तक काम किया है और मुझे विश्वास है कि टीम के बीच उन्हें काफी पसंद किया जाएगा। पहले कॉयले के नेतृत्व में खेलने के बाद, प्रतिभाशाली फुटबॉलर को मुख्य कोच की खेल शैली की बहुत अच्छी समझ है और उम्मीद है कि जब वह चेन्नईयिन में स्कॉट्समैन के साथ फिर से जुड़ेगा तो वह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार अंदाज में ली विदाई

**कोलकाता।** गुरुवार रात कुवैत के खिलाफ अपने आखिरी मैच के बाद भारत के सबसे चमकते सितारे भावुक सुनील छेत्री पोस्ट-गेम प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर नहीं आए। भारतीय कप्तान आखिरी बार एक ऐसे अंदाज में विदा लेने में कामयाब रहे, जो सिर्फ.वही कर सकते थे, जो क्लास से भरा हुआ था। सुनील छेत्री ने मीडिया को एक पत्र के जरिये अपना आखिरी संदेश दिया। मीडिया को दिये अपने पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले 19 सालों में मुझे आपमें से बहुत से लोगों से कई मौकों पर बातचीत करने का मौका मिला है। कई बार ऐसा हुआ जब मुझे अपनी इच्छा से बहुत कम बोलना पड़ा और कई बार ऐसा हुआ जब मैंने आपके सवालों का जवाब लंबे मोनोलॉग के साथ दिया। छेत्री ने अपने पत्र में लिखा, कुछ जवाब निराशा से भरे थे, कुछ जवाब ऐसे थे जो आपकी झुंझलाहट के लिए बहुत ज्यादा गैर-प्रतिबद्ध थे और फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस जो जल्दबाजी में खत्म हो गई।

# प्रियंका बाला संभालेंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कमान

एजेंसी

**कोलकाता / पश्चिम बंगाल।** कोलकाता में 12 जून से शुरू हो रही बंगाल प्रो टी 20 लीग में प्रियंका बाला सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी संभालेंगी जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। 11 से 28 जून तक चलने वाली इस रोमांचकारी लीग का महिला चरण 12 जून को साल्ट लेक के जादवपुर विश्वविद्यालय में शुरू होगा। कप्तानी को लेकर प्रियंका बाला कहती हैं, हालांकि मैं पहले भी टीमों की कप्तानी कर चुकी हूं पर बंगाल प्रो टी 20 लीग एक बड़ा मंच है और सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुकाबलों की तैयारी को लेकर प्रियंका ने कहा, हम अपनी रणनीति के हिसाब से चल रहे हैं और इसके लिए टीम नेट्स में खूब पसीना भी बहा रही है। टीम अपना पहला मुकाबला 12 जून को हार्बर डायमंड्स के खिलाफ खेलेगी।

## अफगानिस्तान की 'क्षमता' को जानता है न्यूजीलैंड : विलियम्सन

एजेंसी

**जार्जटाउन।** न्यूजीलैंड के टी 20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ग्रुप सी मैच से पूर्व कप्तान केन विलियम्सन ने कहा कि उनकी टीम के खिलाड़ी राशिद खान के नेतृत्व वाली अफगान टीम की 'क्षमताओं और विश्व स्तरीय कौशल' से भली भांति परिचित हैं। विलियम्सन ने कहा कि अफगानिस्तान एक संतुलित टीम है जिसके पास मजबूत स्पिन विकल्प है और उसके पास अच्छे तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। कीवी कप्तान ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा, वे एक ऐसी टीम हैं जो हर साल विकसित और विकसित हुई है और निश्चित रूप से कुछ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में शामिल खिलाड़ी अपनी टीम के भीतर मौजूद प्रतिभा और विश्व स्तरीय कौशल से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। हमेशा उनके पास वास्तव में मजबूत स्पिन विकल्प थे।

## क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुए खूनी संघर्ष में तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। विश्रामपुर** क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद खूनी संघर्ष का खेल बन गया। जिसमें एक बच्चे के पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 11 वर्षीय गोलू कुमार, 19 वर्षीय सुनैना कुमारी व 37 वर्षीय सुषमा देवी का नाम शामिल है। सभी रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला कला के रहने वाले हैं। सभी घायलों का विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीना नगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जाती है।जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के क्रम में दो बच्चे गोलू व राजा किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। वहीं दूसरे पक्ष के बच्चा राजा के बड़े भाई व परिजनों ने बिना जाने मार पीट शुरू कर दिया।

## गढ़वाल और नॉर्दन यूनाइटेड ने दर्ज की जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मिलिंद नेगी के दर्शनीय गोल से नॉर्दन यूनाइटेड एफसी ने फ्रंटियर फुटबाल क्लब को एक गोल से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। मिलिंद को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए डीएसए ए डिवीजन मुकाबले के एक अन्य मैच में गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने पश्चिम हीरोज पर 3- 1 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सिद्धार्थ खीची ने दो गोल जमाए। पराजित टीम का गोल सोहंगपाम हंग्शी ने किया। गढ़वाल की जीत में पुकाल दुलग के आत्मघाती गोल का भी योगदान रहा। नॉर्दन यूनाइटेड की जीत का आकर्षण हेमंत के क्रॉस पर स्थानापन्न खिलाड़ी मिलिंद द्वारा जमाया गया गोल था। इस जीत के साथ विजेता टीम ने पूल बी में चार मैचों में 6 अंक जुटा लिए हैं।



# अदाणी को कोलकाता बंदरगाह के लिए मिला पांच साल का अनुबंध

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को बताया कि उसे कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर नेताजी सुभाष डॉक कंटेनर टर्मिनल का पांच साल परिचालन करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिला है। इसके साथ ही देश के सबसे बड़े पोर्ट डेवलपर-सह-ऑपरेटर कंपनी ने पूर्वी तट के सबसे बड़े कंटेनर टर्मिनल पर अपनी उपस्थित दर्ज करा ली है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा, नेताजी सुभाष डॉक के कंटेनर हैंडलिंग केंद्र का अनुबंध एपीएसईजेड को मिलना देश भर में बंदरगाह और लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता और पश्चिम बंगाल में हमें जो संभावनाएं नजर आती हैं, उन्हें रेखांकित करता है। गुप्ता ने कहा, देश और विदेशों में विभिन्न कंटेनर टर्मिनलों के संचालन के दो दशक से ज्यादा के हमारे अनुभव से ग्राहकों और राज्य के लोगों को फायदा होगा। एपीएसईजेड को प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिये यह पांच साल का अनुबंध मिला है।



# आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। आरबीआई ने निजी उपभोग में सुधार और ग्रामीण क्षेत्र की मांग मजबूत होने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक की। उसके बाद इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत हैं। घरेलू मांग बढ़ने से विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि विभिन्न आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र की रफ्तार भी कायम है। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.3 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 7.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 7.2 फीसदी रहेगी।

### 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है। शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।



# पेटीएम ने यूपीआई लेनदेन में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का चलन बढ़ता जा रहा है। हर कोई पेमेंट के लिए यूपीआई का उपयोग करता है। इस बीच पेमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम को अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बिजनेस में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरूआती संकेत मिल रहे हैं। यह कंपनी के लिए जबरदस्त वापसी का संकेत है। मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर प्रोसेस्ड यूपीआई ट्रांसक्शन्स (लेनदेन) का कुल मूल्य बढ़कर 1.24 ट्रिलियन रुपये हो गया। इसका श्रेय कंपनी द्वारा शुरू की गई कई पहलों को जाता है -- यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट आदि। मई में प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.14 बिलियन पर स्थिर होने के साथ पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरा सबसे बड़ा प्लेयर बन गया। जबकि यह मार्च में एक थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रदाता (टीपीएपी) बन गया था। पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, अपने मर्चेंट बेस के विस्तार को देखते हुए कंपनी पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन में सबसे आगे बनी हुई है।




## अदाणी वन पर अब बस यात्रा का विकल्प भी

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के ट्रैवल, लाइफस्टाइल और शॉपिंग प्लेटफॉर्म अदाणी वन ने शुक्रवार को बताया कि उसने अपने यूजरों को बस यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर क्लियर ट्रिप के साथ करार किया है। कंपनी ने बताया कि क्लियरट्रिप अदाणी वन यूजरों को तीन लाख से ज्यादा रूटों और निजी तथा राज्य परिवहन निगमों के 10 लाख से अधिक बस कनेक्शनों तक पहुंच उपलब्ध करायेगा।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब डॉलर

*31 मई को विदेशी मुद्रा 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है।*

एजेंसी

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई तक 651.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते 24 मई को मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर था। इसके बाद विदेशी मुद्रा भंडार में 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की घोषणा करते हुए देश के विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मई को विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हमें अपनी बाह्य वित्त पोषण की जरूरतों को आसानी से पूरा करने का विश्वास है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चालू खाते का घाटा अपने टिकाऊ स्तर के भीतर रहने की संभावना है। इसके साथ उन्होंने प्रेषित धन, सेवा निर्यात और कम व्यापार घाटे से आने वाली मदद का संकेत दिया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार को किसी भी बाह्य क्षेत्र की गड़बड़ी को झेलने में अर्थव्यवस्था की समग्र ताकत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है।



## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, महंगे हुए सोना और चांदी

**नई दिल्ली।** एक दिन की गिरावट के बाद आज घरेलू सरार्फा बाजार में आज एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में सोना और चांदी महंगे हो गए हैं। सोना आज 400 रुपये से 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सरार्फा बाजार में आज आई इस तेजी के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है।

# दिल्ली के सदर बाजार में कौड़ियों के भाव मिलते हैं लड़कियों के कपड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लड़कियों की पसंद का ध्यान रखते हुए दिल्ली में ऐसे कई मार्केट हैं जहां आप अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकते हैं। देसी से लेकर वैस्टर्न तक सस्ते प्राइस में आप कपड़े खरीद सकते हैं। अगर आप दिल्ली के बाहर रहते हैं और दिल्ली आने का प्लान कर रहे हैं तो ये कुछ मार्केट जरूर जाएं। इस बाजार में हर चीज आपको बहुत ही सस्ती मिलेगी, लेकिन आपको यहां थोक में सामान लेना होगा। ज्यादातर दुकानदार सदर बाजार से ही सामान मंगवाते हैं। सदर बाजार में केवल कपड़े ही नहीं अन्य कई चीजें आपको मिल जाएगी। अगर आप डिजाइनर और लेटेस्ट फैशन के लिए कुछ तलाश कर रहे हैं तो आपके लिए सरोजनी बेस्ट है। क्योंकि यहां पर एक से एक सुंदर और क्लासी वैस्टर्न ड्रेस मिलता है। रही बात प्राइस की तो यहां काफी रिजनेबल दाम पर हर चीज मिल जाती है, इसके लिए आपको बारगेनिंग आनी चाहिए।

# मोदी सरकार की जगह एनडीए सरकार कहने को बाध्य हुए पीएम : सुप्रियो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में नेता चुने जाने पर और तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहले लोग मोदी सरकार कहते थे, लेकिन अब एनडीए सरकार कह रहे हैं। झामुमो महासचिव ने कहा कि18वीं लोकसभा के गठन से पूर्व एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। इसके अलावा, राजनाथ सिंह ने नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका एनडीए के तमाम नेताओं ने स्वागत किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी ने भाषण दिया। मोदी नैतिक तौर पर पीएम के दावेदार नहीं रहे। जबरदस्ती पीएम बने। नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। 1962 में नेहरू आए थे। उस समय फ्रैक्कर्ड मैंडेट नहीं था। आज फ्रैक्कर्ड मैंडेट है। आज पहली बार 10 वर्षों के बाद मोदी एनडीए का नाम लेने के लिए बाध्य हुए हैं। इस बार उन्होंने एक बार भी भाजपा का नाम नहीं लिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जो बीज एनडीए नेताओं ने लगाई थी, वो अब पेड़ बन चुका है। आज उन्होंने मोदी के नाम का ढिंढोरा नहीं पीटा। उन्होंने कहा कि यह जनादेश उनके नेतृत्व को खारिज करता है। एक दल के नेता को मंच पर बैठाया गया। झारखंड के आजसू पार्टी को अपमानित किया गया। उसे मंच पर जगह नहीं दी गई। जातिगत जनगणना की जाएगी कि नहीं, इस पर भी कुछ नहीं कहा। झारखंड से गए नौ सांसदों को बताना होगा कि सरना धर्म कोड, जातीय जनगणना, 27 फीसद ओबीसी आरक्षण, जिसे सदन ने पास कर भेजा है, वो लागू होगा कि नहीं। आगे कहा कि सीएए लागू होगा कि नहीं? इन सवालों का जवाब देना होगा। मोदी घबरा गए हैं। पीएम मोदी ने खुद कहा कि हमारी पार्टी में कुछ फ्रॉड लोग हैं। पिछले 10 वर्षों से वो मोदी सरकार कह रहे थे, लेकिन आज एनडीए सरकार कह रहे हैं। यही उनकी पराजय है। अब अग्निवीर योजना को समाप्त करना चाहिए। महंगाई को काबू करने की दिशा में सरकार को कदम उठाना चाहिए।

## राज्यपाल ने जेल में बंद मंत्री आलमगीर के सभी विभाग सीएम चंपाई को सौंपा



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कैश कांड में जेल में बंद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभाग अपने पास ले लिया है। राज्यपाल सी राधाकृष्ण ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभागों को वापस लेते हुए राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को आवंटित कर दिया है। मुख्यमंत्री को पूर्व में आवंटित विभागों के अलावा ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग और संसदीय कार्य विभाग का भी कामकाज सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने यह संशोधन किया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, मुख्यमंत्री के पास पूर्व से आवंटित विभागों के अतिरिक्त खुद सीएम की सलाह से उसमें आंशिक संशोधन करते हुए संसदीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग आवंटित किया गया है। पूर्व से आवंटित सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास यथावत रहेंगे। यह तत्काल प्रभाव से मान्य होगा।

## कमल किशोर सोन ने ईएसआईसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**नई दिल्ली/ रांची।** श्रम और रोजगार मंत्रालय में श्रम कल्याण के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक के रूप में कार्यरत कमल किशोर सोन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कमल किशोर सोन झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। के के सोन पूर्व में रांची के डीसी रह चुके हैं। कमल किशोर सोन का झारखंड राज्य में भूमि राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन, कृषि और पारस्परिक सहायता, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, परिवहन, वित्त, ऊर्जा, जल संसाधन, सामाजिक न्याय और हस्तांतरण सहित विभिन्न विभागों के शासन और प्रबंधन में व्यापक अनुभव है।

## पृष्ठ एक के शेष

**तीसरी बार 9 जून को...**

नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह एनडीए की बैठक हुई और सभी साथियों ने मुझे फिर से एक बार इस दायित्व के लिए पसंद किया है। एनडीए के सभी साथियों ने राष्ट्रपति को इसकी जानकारी दी है। राष्ट्रपति ने मुझे बुलाया था और मुझे प्रधानमंत्री मनोनीत के रूप में नियुक्ति दी है। नरेंद्र मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मालूम हो कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 4 जून को आए लोकसभा चुनाव के नतीजे में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला है। एनडीए के सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें अपना नेता चुना और समर्थन पत्र दिए हैं। इधर राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। इन्हीं तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन को 5 से 9 जून तक आमजनों के लिए बंद रखा गया है।

**खूंटी में पीएलएफआई के तीन...**

और बालेश्वर साहू उर्फ बुधु साहू शामिल हैं। तीनों रांची जिले के लापुंग थाना के कथकुवांरी वरटोली के रहने वाले हैं। उनके पास से लाल रंग की मोटरसाइकिल (जेएच 23बी 5816) भी बरामद की गई। उनकी निशानदेही पर तोरपा थाना क्षेत्र से लूटी गई टीवीएस अपाची बाइक (जेएच 23एक 5524) को भी राहुल साहू के घर से बरामद कर लिया गया।

**...जुलाई में नगर निकाय...**

संभावित नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सरकार बैठक की तिथि तय करेगी। इन सारी चीजों को लेकर मुख्यमंत्री जल्द ही बैठक करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार ने सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरी होने के बाद 12 अक्टूबर 2022 से इस अभियान का शुभारंभ किया था, पहला चरण 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चला था। दूसरा अभियान 2022 में ही एक नवंबर से 12 नवंबर तक चला था. इस दोनों अभियान के तहत 55,44,554 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित सरकार को प्राप्त हुए, जिसमें से 55,36,636 आवेदन निष्पादित कर दिए गए हैं।वहीं 7,918 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन है. तीसरा चरण 24 नवंबर 2023 से 26 दिसंबर 2023 तक चला। इसमें सबसे अधिक मामले अबुआ आवास योजना के आए। 26 फरवरी को नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने साहिबगंज में साहेबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिले के 24 हजार के करीब लाभुकों को पहली किस्त और स्वीकृति पत्र सौंपा गया था। पहली किस्त की राशि खाते में ट्रांसफर कराए गए थे।

**अभियान में ये मामले आए :** पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन- परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य के आवेदन आए।

**शिक्षण संस्थानों के 100 गज के...**

अगले 60 दिनों तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है इस आदेश से कैंपस का वातावरण में बदलाव होगा। बच्चों को गलत चीजें खाने की आदत नहीं लगेगी। अभिभावकों ने इस निर्णय की सराहना की है।

## कार्यालय:- जिला अभियंता, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 02/2024-25**

1. कार्य का नाम :–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पंचायत गढबुढनी में राजकीय मध्य विद्यालय चुटिया में चाहरदिवारी निर्माण। | 50,40,700.00 | 1,01,000.00 | 10,000.00 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 18.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–24.06.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 25.06.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR.NO.325395 Rural Development(24-25):D

## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01 वर्ष 2024–25**

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 14.06.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.06.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः–15.06.2024 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत महुआडांड में रा0 मध्य विद्यालय रामपुर में चाहरदिवारी निर्माण। | 11,21,300.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 ekg |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभिंयता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.325394 Rural Development(24-25):D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

**विज्ञापन संख्या– DLSA/01/2024**

1. माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक संख्या– 1575, दिनांक– 24.05.2024 के आलोक में, लीगल ऐड डिफेन्स काउन्सल सिस्टम (L.A.D.C.S) लातेहार (जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार) में पूर्णतः संविदात्मक (Purely Contractual) रूप से कार्यालय लिपिक/ रिशेप्सनिष्ट/डाटा इंट्री ऑपरेटर और अनुसेवक/ मुंशी/परिचारक के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों पर नियुक्ति प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा सक्षम प्राधिकारी के पर्यवेक्षण में संतोषजनक सेवा के आधार पर अगले एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार किया जा सकेगा।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है :–
   (1) कार्यालय लिपिक/रिशेप्सनिष्ट/डाटा इंट्री ऑपरेटर–पदों की संख्याः– 01
   (2) कार्यालय अनुसेवक/मुंशी/परिचारक – पदों की संख्याः– 01
3. शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेयः– पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय निम्न प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | पदनाम | मानदेय | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय लिपिक/रिशेप्सनिष्ट/ डाटा इंट्री ऑपरेटर | 15,000/–प्रतिमाह (न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेशों का पालन किया जायेगा) | 1. स्नातक उत्तीर्ण<br>2. कम्प्यूटर में दक्षता (Diploma/Advance Diploma/Post Graduate Diploma in Computer Applications)<br>3. हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग (हिन्दी–30 WPM एवं अंग्रेजी–40 WPM)<br>4. डाटा इंट्री का ज्ञान |
| 2. | कार्यालय अनुसेवक/ मुंशी/परिचारक | 10,000/–प्रतिमाह (न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेशों का पालन किया जायेगा) | मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष। |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजायाफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो।
5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक– 31.05.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति/अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरूष/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
7. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से कार्यालय अवधि के दौरान सुबह 07:00 बजे से अपराहन् 01:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.06.2024 है। अंतिम तिथि पर आवेदन अपराहन् 01:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों/हाथ स्वीकार किए जायेंगें। उपरोक्त तिथि और समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।
8. महत्वपूर्ण निर्देश –

I. आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, लातेहार की वेबवाईट https://latehar.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
II. आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
III. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।
IV. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्सम्बन्धी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
V. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता माते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।
VI. लिफाफे के के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
VII. वर्तमान् विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
VIII. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

नोट :– विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जाँच कर माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची को अग्रसारित कर दिया जायेगा तथा आगे की प्रक्रिया माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के द्वारा/निर्देशानुसार पूर्ण की जायेगी।

IX. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट)
सेवा में,
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–
अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, लातेहार (झारखण्ड),पिन– 829206

ह0.
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–
अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लातेहार

PR 325390 Law(24-25).D

## कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2024–25 (शेष अवधि) के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–20.06.2024 दिन–वृहस्पतिवार को समय–11:00 बजे पूर्वहन में अधोहस्ताक्षरी के पुराना समाहरणालय स्थित जिला परिषद् कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 874000.00 | 131100.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 201250.00 | 30188.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 33063.00 | 4960.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 46115.00 | 6918.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 149500.00 | 22425.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 81075.00 | 12162.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 70297.00 | 10545.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 106925.00 | 16039.00 |

नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्त्ते

1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगा, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव का परिचालन रात्रि में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक–01 से 08 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 325435 Rural Development(24-25)D

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)**

**निविदा सूचना संख्या–DWSD/RTF/PVTG/TND/02/2024-25 दिनांक – 06.06.2024**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | **Name of Work :-** Retrofitting of Rural Pipe Water Supply Scheme with 1.0 HP DC Solar Motor Pump Complete set and 125 mm X 115 mm x 90 Mtr. Deep Drilled Tube Well with I.M-II Hand Pump for Birhor Tola at Village -Koyad Block -Tandwa on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2 024-25 (Under JJM) | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | योजना की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | RTF/PVTG/TND-01 | 01 | 6.96891 | 0.14000 | 1,250/- | 60 Days |
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 10.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 18.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 | | | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.325400 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## e- Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**Notice Inviting Tender**
**(Very Short Notice)**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.-**02BCD/ DALTONGANJ,DIV/2024-25 Date:-07-06-2024**

| कम0 संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| I. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Saraidih, Block- Chhattarpur, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| II. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Chiru, Block- Chhattarpur, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| III. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Andharibagh, Block- Pipra, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| IV. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Saraiya, Block- Pipra, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| V. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Araruakala, Block-Hariharganj, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| VI. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Pachmo, Block- Hariharganj, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| VII | Estimate For Construction Of Hsc Building At Baranda, Block- Haidernagar, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| VIII | Estimate For Construction Of Hsc Building At Jhargarda, Block- Hussainabad,Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| IX | Estimate For Construction Of Hsc Building At Kamgarpur, Block- Hussainabad,Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| X | Estimate For Construction Of Hsc Building At Lotaniya, Block-Hussainabad,Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| XI | Estimate For Construction Of Hsc Building At Sewati, Block- Tarhasi, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| XII | Estimate For Construction Of Hsc Building At Mahuganwa Block- Chainpur, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| XIII | Estimate For Construction Of Hsc Building At Dhoob, Block- Panki, Dist - Palamu | रू0 56,32,500.00 | 06 महीने |
| XIV | Various Tourist Development Work of Sun Temple in Vill Dangwar, Hussainabad, Palamu. | रू0 54,99,000.00 | 06 महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14-06-2024 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 18-06-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 20-06-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 4 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer Building Construction Department Building Division, Daltonganj | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन किया जा सकता है।
- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
- निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR.NO.325465 District(24-25):D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एनडीए गठबंधन 26 सालों में और ज्यादा मजबूत हुआ

# पीएम बोले- पहले एनडीए, आज भी एनडीए और कल भी एनडीए

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र में नई सरकार के गठन से पहले संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गठबंधन कैसे सबल हुई है और सरकार कैसे काम करेगी, इसको लेकर इशारों में सबकुछ समझा दिया। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि पहले एनडीए, आज भी एनडीए और कल भी एनडीए। न हम हारे थे और न हारे हैं। ये एनडीए की महाविजय है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में साफ कर दिया कि गठबंधन के इतिहास में अगर आंकड़ों के हिसाब से देखें तो ये सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। इस बार भाजपा को केवल 240 सीटें मिली है। जबकि, 2014 में 282 और 2019 में 303 सीटें अकेले भाजपा ने अपने दम पर जीती थी, जो बहुमत के आंकड़े से ज्यादा था। ऐसे में विपक्ष को लग रहा था कि यह गठबंधन शायद ही जम पाए। लेकिन, शुक्रवार को जब संसदीय दल की बैठक में एनडीए के घटक दलों ने पीएम मोदी के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया तो बात ही कुछ और नजर आई। मोदी आर्काइव नाम के एक्स हैंडल पर इसको लेकर एक पोस्ट भी शेयर किया गया, जिसमें लिखा गया, एनडीए व्यापक स्पेक्ट्रम है। इसमें नरेंद्र मोदी के द्वारा 1998 में एनडीए के गठन के एक साल बाद 1999 में दिए गए बयान का हवाला देते हुए यह बताने की कोशिश की गई कि कैसे गठबंधन की सरकार चलाना भी पीएम मोदी को आता है। पीएम मोदी ने तब 1999 में कहा था, "यह वास्तव में एक प्रयोग है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में एक आदर्श उदाहरण के रूप में दर्ज किया जाएगा। एनडीए एक इंद्रधनुष की तरह है, यह इंद्रधनुष बना रहेगा और अटल बिहारी वाजपेयी सूरज की किरणों में और चमकेंगे। जब यह बयान दिया गया था तब मोदी भाजपा के सबसे युवा महासचिव थे।

*न हम हारे थे और न हारे हैं। ये एनडीए की महाविजय है।*

### नरेन्द्र मोदी 'सही समय पर सही नेता' हैं देश के : चंद्रबाबू

तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी ) नेता चंद्रबाबू नायडु ने संसदीय दल के नेता के तौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का गर्मजोशी से अनुमोदन किया। शुक्रवार को संसद भवन की पुरानी इमारत के संविधान सदन में अपने अभिभाषण के दौरान चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि जिस दृष्टिकोण और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन वर्षों में काम किया है उसके मुताबिक वे देश के लिए 'सही समय पर सही नेता' हैं। लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद शुक्रवार को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक हुई और इसमें सभी ने नरेन्द्र मोदी के नाम पर मुहर लगाई।

### संसदीय दल की बैठक में पीएम के पैर छूने के लिए झुके नीतीश

बैठक में नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी की तरफ से भाषण दिया और फिर अपनी कुर्सी की ओर लौटे तो मोदी का झुककर पैर छूने लगे। लेकिन, मोदी ने उनको ऐसा करने से रोका और दोनों ने झुककर एक-दूसरे का अभिवादन किया। नीतीश ने मोदी के पक्ष में अपनी पार्टी का समर्थन जताते हुए कहा कि 10 साल से यह प्रधानमंत्री हैं और इन्होंने देश की खूब सेवा की। आगे भी आपको जो भी करना है करिए, हम आपके साथ हैं। मैं तो चाहता हूं, आज ही शपथ ले काम शुरू कर दीजिए। इस बार तो कुछ इधर-उधर लोग जीत गए हैं, लेकिन, अगली बार जब आप आइएगा तो ये सभी हार जाएंगे।



### एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी आडवाणी और जोशी से मिले





*पीएम मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी से आवास पर जाकर मुलाकात की*

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद मोदी वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी से भी उनके आवास पर मिले। मुलाकात के दौरान आडवाणी की बेटी प्रतिभा भी वहां मौजूद रहीं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी ने गुलदस्ता देकर उनका अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि पिछली बार प्रधानमंत्री के तौर पर नेता चुने जाने के दौरान दोनों वरिष्ठ नेता, मोदी के साथ सभागार में मौजूद थे।

## अमेरिकी कांग्रेस के संबोधन में गाजा युद्ध का बचाव करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को एक संयुक्त बैठक में अमेरिकी



कांग्रेस के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। नेतन्याहू भाषण में गाजा में अपने युद्ध के बारे में विस्तार से बताएंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन गाजा में एक स्थायी युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी संघर्ष पर और अधिक विभाजित हो रही है। भाषण की तारीख घोषित होने से पहले ही कई वामपंथी डेमोक्रेट्स ने हमास के साथ युद्ध में नेतन्याहू के व्यवहार को लेकर उनका बहिष्कार करने की बात कही है। नेतन्याहू को यह निमंत्रण पिछले हफ्ते अमेरिकी कांग्रेस में दोनों दलों के नेताओं ने दिया था, जिनमें सीनेट में बहुमत के नेता डेमोक्रेट चक शूमर भी शामिल थे। वह नेतन्याहू के कड़े आलोचक रहे हैं। चक शूमर ने हाल ही में इजरायल में नए चुनाव कराने का आह्वान किया था। सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने गुरुवार देर रात 24 जुलाई की तारीख का ऐलान किया।

## मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 से 21 जून तक

**नई दिल्ली।** मुबंई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 18वां संस्करण 15 जून से शुरू होगा। इस बार यह आयोजन मुंबई सहित दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे में भी समानांतर रूप से आयोजित होगा, जिसमें अलग अलग भाषाओं की फिल्में दिखाई जाएंगी। यह आयोजन 21 जून, 2024 तक चलेगा। इसमें 110 बेहतरीन फिल्में दिखाई जाएंगी, जिसमें 25 अंतरराष्ट्रीय फिल्में हैं और 77 राष्ट्रीय फिल्में हैं। इसके साथ इस बार महोत्सव में फिल्म बाजार की शुरूआत की गई है, जिसका उद्देश्य डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को बढ़ावा देना है। इसके साथ फिल्म महोत्सव में प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता क्यूरेटेड विषयों पर 25 से अधिक मास्टरक्लास, पैनल चर्चा और ओपन फोरम में भाग लेंगे।

# दिल्ली में हुई जदयू की बैठक प्रधानमंत्री मोदी को पूर्ण समर्थन

- *नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाएंगे।*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एनडीए के सांसदों की बैठक हो रही है। इससे पहले जनता दल यूनाइटेड के सांसदों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली में बैठक की। इस बैठक में जेडीयू के सांसद शामिल हुए। इस दौरान जदयू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को पूर्ण समर्थन की बात दोहराई।

जेडीयू की यह बैठक सरकार गठन व केंद्रीय कैबिनेट समेत विभिन्न मुद्दों पर सहमति व जानकारी के लिहाज से



महत्वपूर्ण बताई जा रही है। बैठक में पूर्व सांसद आनंद मोहन, सांसद ललन सिंह सहित जनता दल यूनाइटेड के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक से पहले जदयू के सांसदों ने रेल मंत्रालय की मांग दोहराई। जदयू सांसद व नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले सांसद ललन सिंह कह चुके हैं कि कैबिनेट का विषय प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाएंगे। उन्हें नेता चुनने के लिए संसद भवन परिसर में एनडीए के सभी सांसदों की बैठक हो रही है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाजपा और सहयोगी दलों के सभी सांसद नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुनेंगे। भाजपा एवं सहयोगी दलों के सांसदों के साथ-साथ, एनडीए के सहयोगी दलों के नेता, भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री, विभिन्न राज्यों से जुड़े भाजपा के नेता बैठक में मौजूद हैं।

## नैतिकता के आधार पर मोदी पीएम बनने के लायक नहीं : उदित

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कांग्रेस नेता उदित राज की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि नैतिकता के आधार पर उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए। उदित राज ने कहा कि बीजेपी से ही अगर किसी को प्रधानमंत्री बनाना है, तो आठ लाख वोटों से शिवराज सिंह चौहान चुनाव जीते हैं। अमित शाह भी लगभग सात लाख वोटों से जीते हैं। वैसे तो बीजेपी ने चुनाव में नरेंद्र मोदी को मुख्य चेहरा बनाया था, लेकिन वो हारते-हारते बच गए। इसके अलावा, उदित राज ने नीतीश कुमार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार अपनी पार्टी को बचाने के लिए आरजेडी के पास गए थे। दूसरी बात यह है कि आरजेडी कभी बड़ी पार्टी हुआ करती थी, लेकिन बीजेपी ने उसे छोटा दल बना दिया और ऐसा ही अकाली दल के साथ किया गया।

## कंगना रनौत थप्पड़ कांड पर सुनील जाखड़ ने कहा, हिंसा अस्वीकार्य

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनौत को एक महिला सीआईएसएफ कर्मी द्वारा थप्पड़ मारे जाने की घटना पर अब भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ का बयान आया है। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है। अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए किसी भी तरह की हिंसा अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। जाखड़ ने कहा, "इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि सुरक्षा वर्दी पहने एक व्यक्ति ने इस तरह की गैरकानूनी हिंसक हरकत की। यह बयान कंगना रनौत ने तीन साल पहले किसानों के विरोध प्रदर्शन पर दिया था। उनका बयान असंवेदनशील हो सकता है, लेकिन एक सुरक्षा कर्मचारी द्वारा सांसद को थप्पड़ मारने से एक गलत मिसाल कायम होती है।" उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुई यह घटना पंजाब और उसके लोगों को बदनाम करने वाली है। जाखड़ ने न केवल घटना के समय पर बात की, बल्कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति को कुछ वर्गों से मिल रहे समर्थन पर भी सवाल उठाया।

**समीक्षा** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

# 21 जून को देशभर में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इसको लेकर शुक्रवार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों की समीक्षा शुरू कर दी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने शुक्रवार को 21 जून को मनाए जाने वाले आगामी योग कार्यक्रमों की मीडिया और आउटरीच गतिविधियों की समीक्षा की। आयुष मंत्रालय ने जानकारी दी कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयां योग अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता के साथ-साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो, प्रसार भारती, न्यू मीडिया विंग और अन्य सहित विभिन्न मीडिया इकाइयों द्वारा प्रमुख गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इसके तहत लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन (डीडी) एवं ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा।

### योग का सर्वश्रेष्ठ कवरेज करने वालों को मिलेगा पुरस्कार



योग के प्रचार प्रसार में मददगार मीडिया संस्थानों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सम्मानित करेगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की शुरूआत दो साल पहले की थी। इस साल भी निजी मीडिया संस्थानों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखते हुए यह पुरस्कार दिए जाएंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने योग के संदेश को फैलाने में प्रिंट, टीवी और रेडियो में मीडिया हाउस एवं कंपनियों के योगदान को मान्यता देने के लिए नौ जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की स्थापना की थी। पुरस्कार श्रेणियों में योग को लेकर 'अखबार में सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज', 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी) में सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज' और 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो) में योग को लेकर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज' शामिल हैं। इस वर्ष के पुरस्कार, पिछले वर्ष के पुरस्कारों के साथ, योग दिवस के बाद समारोह में प्रदान किए जाएंगे।

## मोदी में गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं : कांग्रेस

एजेंसी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार के भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार चलाने के लिए आपको बड़ा दिल और खुले, समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में ये गुण नहीं हैं। उनमें गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए इन आवश्यक गुणों का अभाव है। गोगोई ने उत्तर प्रदेश के लोगों का भी आभार जताते हुए कहा कि यहां की जनता ने राहुल गांधी का कद पीएम मोदी से ऊपर कर दिया है। यहां की जनता ने राहुल गांधी को नरेंद्र मोदी से बड़ा जनादेश



दिया है। रायबरेली में राहुल गांधी की जीत का अंतर वाराणसी में पीएम मोदी से ज्यादा है। गौरव गोगोई ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का पूरे भारत में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, विशेषकर उन राज्यों में जो परंपरागत रूप से भाजपा का गढ़ माने जाते हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में भाजपा के मार्जिन में गिरावट आई है।